हरिभूमि
# विदिशा-रायसेन भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, बुधवार 20 अगस्त 2025
गंजबासौदा | सांची | सिरोंज | लटेरी | गैरतगंज | बेगमगंज | सुल्तानपुर | बाड़ी | बरेली

06 इलाके में कम बारिश से फसलों को हो रहा...

07 पहलवानों ने दिखाए करतब, भजन मंडली ने...


## खबर संक्षेप

### संस्कृत गौरव दिवस का शुभारंभ आज

**विदिशा।** मप्र शासन संस्कृति विभाग कालिदास संस्कृत अकादमी उज्जैन के द्वारा प्रतिवर्ष जिला शिक्षा विभाग और पंडित गंगा प्रसाद पाठक ललित कला न्यास के सहयोग से संस्कृत गौरव दिवस का आयोजन किया जाता है। दो दिन के लिए आयोजित इस कार्यक्रम का शुभारंभ बुधवार सुबह 11 बजे व मप्र शासन के संस्कृति मंत्री धर्मेंद्र लोधी द्वारा किया जाएगा। कार्यक्रम में विधायक मुकेश टंडन, प्रो शिवकान्त द्विवेदी, नपाध्यक्ष प्रीति राकेश शर्मा, प्रो अनिल कोठारी मौजूद रहेंगे। कार्यक्रम का आयोजन ऑडिटोरियम में किया जा रहा है।

### जय कुमार सेन ने जीता गोल्ड मेडल

**विदिशा।** सेंटमैरी हाई सेकंडरी स्कूल के कक्षा 7 के छात्र जयकुमार सेन 7 ने ताइक्वांडो सीबीएसई क्लस्टर में अहमदाबाद गुजरात में पिनेकल स्कूल में आयोजित प्रतियोगिता में गोल्ड मेडल प्राप्त किया है। जय कुमार की सफलता पर संस्था संचालक फादर सीजों ने होसला अफजाई की। प्रिंसिपल सिस्टर थेरेसा, वाइस प्रिंसिपल अनिल बीएस ने बधाई दी है।

### 185 आवेदन आए, 80 का मौके पर ही समाधान

**विदिशा।** कलेक्टर अंशुल गुप्ता के मार्गदर्शन में मंगलवार को होने वाली जनसुनवाई में 185 आवेदन आए। जनसुनवाई कक्ष में मौके पर 80 आवेदनों का निराकरण किया गया है। कलेक्ट्रेट के भूतल स्थित जनसुनवाई कक्ष के समीप स्वास्थ्य विभाग द्वारा उपचार केम्प के अलावा आयुष्मान कार्ड भी बनाए गए। मंगलवार को आधार सेंटर में 5 आयुष्मान कार्ड बनाए गए। वहीं स्वास्थ्य सुविधाओं के तहत चिकित्सको के द्वारा 10 नागरिकों के स्वास्थ्य का परीक्षण किया गया है।

### मैराथन का आयोजन 24 को, सौंपे दायित्व

**विदिशा।** नशा मुक्त भारत अभियान की पांचवी वर्षगांठ के अवसर पर प्रदेश में 31 अगस्त तक नशा मुक्ति जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। जिला स्तरीय नशामुक्त समिति की बैठक में लिए निर्णय अनुसार रविवार 24 अगस्त शाम 6 बजे से आरटीओ ऑफिस से उदयगिरी व वापसी आरटीओ ऑफिस विदिशा तक मैराथन का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए अधिकारियों को भी दायित्व सौंपें गए हैं।

### आईटीआई में सीएलसी के बाद पहले आओ पहले पाओ राउंड से भी दाखिले

**विदिशा।** जिले की सभी आईटीआई में एससीवीटी एवं एनसीवीटी व्यवसायों में प्रवेश की प्रक्रिया जारी है। सीएलसी राउंड हेतु ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन प्रारंभ हो चुके हैं। अभ्यर्थी 22 अगस्त तक विभागीय पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन, चॉइस फिलिंग एवं चॉइस सुधार कर सकते हैं। इस बार फीस जमा करने की दो किस्तों की सुविधा दी गई है। प्रथम किस्त 3250 रुपए ऑनलाइन जमा करना होगा तथा 2840 रुपए की दूसरी किस्त नवम्बर-दिसम्बर में संबंधित आईटीआई में जमा की जाएगी। सातों शासकीय आईटीआई में कुल 1204 सीटें हैं।

### दुष्कर्म के आरोपी को किया गिरफ्तार

**विदिशा।** थाना सिविल लाइन पुलिस ने नाबालिग बच्ची से दुष्कर्म करने वाले आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। 18 जून से से 22 जनवरी के बीच नाबालिग बच्ची के साथ दुष्कर्म किए जाने के मामले में आरोपी नितिन सेन पिता उमेद सिंह सेन उम्र 20 वर्ष को पुलिस ने घेराबंदी कर गिरफ्तार किया। आरोपी पर पोक्सो एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया था। एसपी रोहित काशवानी के निर्देशन, में एएसपी डॉ. प्रशांत चौबे, सीएसपी अतुल सिंह के मार्गदर्शन में चलाए गए अभियान के तहत यह सफलता प्राप्त हुई।

---

**अग्निवीर सेना भर्ती:** कल से युवाओं का आना होगा शुरू, स्टेडियम में चल रहीं तैयारियां

# ट्रेनों के ठहराव में 5 मिनट वृद्धि करने लिखा पत्र
# दस्तावेजों के सत्यापन के लिए 40 ऑपरेटर तैनात

- पहले से आवेदन कर चुके अभ्यार्थी ही होंगे शामिल।

हरिभूमि न्यूज ▶▶|विदिशा

22 अगस्त से 2 सितंबर तक खेल स्टेडियम में अग्निवीर सेना भर्ती योजना के तहत युवाओं की भर्ती की जाएगी। खेल स्टेडियम में युवाओं की शारीरिक दक्षता को परखा जाएगा। जिसके लिए खेल स्टेडियम में ट्रेक को दुरुस्त किया जा रहा है। विदिशा में 15 जिलों से आकर युवा सेना में 4 साल की सेवा देने के लिए पसीना बहाएंगे। बड़ी संख्या में युवाओं के आने की संभावना को देखते हुए पूरा प्रशासन व्यवस्थाओं में जुटा हुआ। प्रशासन के मुताबिक 15 जिलों से करीब 700 से 800 युवा आने की बात कही जा रही है। आर्मी भर्ती की तैयारियों का पुलिस उप महानिरीक्षक ग्रामीण रेंज भोपाल ओमप्रकाश त्रिपाठी एवं ब्रिगेडियर कर्नल ने स्टेडियम का जायजा लिया। पुलिस उप महानिरीक्षक ने कहा कि भर्ती में शामिल विभिन्न जिलों से आने वाले युवाओं की सुविधा एवं सुरक्षा में प्राथमिकता दी जाए।


विदिशा। स्टेडियम में आयोजित सेना भर्ती रैली के संबंध में की गईं व्यवस्थाओं की जानकारी लेते उप महानिरीक्षक।

### आर्मी भर्ती देने वाले अभ्यर्थियों के लिए 5 मिनट ज्यादा रुकेंगी ट्रेनें

पहले आवेदन कर चुके अभ्यार्थी भर्ती में शामिल होंगे। प्रतिदिन लगभग 700 से 800 अभ्यर्थियों के आने की संभावना है। अधिकांश अभ्यर्थी ट्रेनों से विदिशा आएंगे। जिला प्रशासन द्वारा रेलवे स्टेशन पर निर्धारित गाड़ियों के पूर्व जारी स्टाप समयावधि में वृद्धि करने आर्मी भर्ती ऑफिसर द्वारा जारी पत्र के संबंध में डीआरएम से पत्राचार किया गया है। अपर कलेक्टर अनिल कुमार डामोर ने बताया कि रेलवे स्टेशन पर समय बढ़ने से यात्रियों को उतरने में आपाधापी नहीं करनी पड़ेगी। आर्मी रिक्रूटिंग ऑफिस भोपाल के द्वारा जारी पत्र में लेख है कि संबंधित ट्रेनों के ठहराव समय में 5 मिनट की वृद्धि की जाए। अभ्यर्थियों एवं अन्य यात्रियों को ट्रेन से चढ़ने-उतरने में सुविधा होगी तथा अप्रिय दुर्घटना की संभावना को टाला जा सकेगा।

### अफसरों को यह निर्देश

भर्ती स्थल तक आने-जाने वाले मार्गों पर संकेतक चिन्ह लगाए जाएं तथा रेलवे स्टेशन और बस स्टैंड पर सूचना दी जाए। यातायात प्रबंधन, आवागमन व्यवस्था, सुरक्षा उपाय के लिए समन्वय को लेकर विस्तृत रणनीति साझा की गई। इस दौरान एएसपी डॉ. प्रशांत चौबे, अपर कलेक्टर अनिल कुमार डामोर, जिपं सीईओ ओपी सनोडिया, सीएसपी अतुल सिंह, टीआई आनंद राज, यातायात प्रभारी आशीष राय, रक्षित निरीक्षक भूरसिंह चौहान मौजूद रहे।

### अग्निवीर योजना

अग्निवीर योजना के लिए योग्यता में भारतीय नागरिक होना, 17.5 से 21 वर्ष की आयु (पहले भर्ती वर्ष के लिए 23 वर्ष तक) और भारतीय सेना, नौसेना, वायुसेना द्वारा निर्धारित शैक्षिक, शारीरिक और चिकित्सा मानकों को पूरा करना शामिल है। रैली में चयनित उम्मीदवारों को लिखित परीक्षा और मेडिकल टेस्ट से गुजरना होगा। तभी उम्मीदवार 4 साल तक भारतीय सेना में शामिल होकर सेवा दे पाएंगे। सेना की जरुरतों को देखते हुए अधिकतम 25 प्रतिशत अग्निवीरों को स्थाई सेवा के लिए नियुक्त किया जा सकता है।

### उचित दर पर नाश्ता, खाना, पानी के प्रबंध

जिला प्रशासन द्वारा अग्निवीर सेना भर्ती स्थल जिला खेल परिसर पर अभ्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण सशुल्क, उचित दर पर नाश्ता, खाना, पानी आदि की उपलब्धता सुनिश्चित कराने के प्रबंध किए जा रहे हैं। जिला आपूर्ति अधिकारी अनिल तंतुवाय ने बताया कि आर्मी भर्ती रैली आयोजन स्थलों के पास खाद्य सामग्रियों की पूर्ति बनाए रखने सूचित किया गया है। खाद्य सामग्री की दर लिस्ट प्रदर्शित कराई जाकर मॉनिटरिंग व्यवस्था संचालन के लिए अधिकारियों की ड्यूटी लगाई है। जो मॉनिटरिंग करेंगे।

### दस्तावेजों के सत्यापन के लिए 40 कम्प्यूटर ऑपरेटर और डेटा इंट्री ऑपरेटर किए तैनात

विदिशा जिला मुख्यालय पर आयोजित आर्मी भर्ती रैली समयावधि में अभ्यर्थियों के दस्तावेजों का सत्यापन कार्य व्यवस्थित रूप से समय सीमा में हो इसके लिए प्रशासन की ओर से विशेष पहल के तहत 40 कर्मचारियों की तैनाती की गई है। अपर कलेक्टर अनिल कुमार डामोर द्वारा जारी आदेश में कर्मचारियों की ड्यूटी उनके नाम के सम्मुख समय व तिथि का उल्लेख किया गया है। नियुक्त कम्प्यूटर आपरेटर तथा डेटा इंट्री ऑपरेटरों की उपस्थिति 21 अगस्त की सुबह 11 बजे से सुनिश्चित कराई गई है। उक्त दल अभ्यार्थियों के जाति प्रमाण पत्र, आय प्रमाण पत्र, मूल निवासी प्रमाण पत्र, आधार कार्ड सत्यापन, आई. कार्ड एवं प्रवेश पत्र एवं अन्य दस्तावेजों के सत्यापन कार्यों का करेंगे।

---

### विदिशा कलेक्टर को गोल्ड मेडल देंगे सीएम



**विदिशा।** कुशाभाऊ ठाकरे इंटरनेशनल कन्वेंशन सेंटर भोपाल में बुधवार सुबह 11 से होने वाले संपूर्णता अभियान सम्मान समारोह में मुख्यमंत्री डॉक्टर मोहन यादव विदिशा कलेक्टर अंशुल गुप्ता को गोल्ड मेडल देकर सम्मानित करेंगे। वहीं विदिशा के तत्कालीन कलेक्टर रौशन कुमार सिंह को भी गोल्ड मेडल से सम्मानित किया जाएगा। कार्यक्रम में 7 जिलों के कलेक्टर्स को सम्मानित किया जाएगा।

### विदिशा में 24 घंटे में सबसे ज्यादा बारिश

**विदिशा।** सोमवार को विदिशा जिले में पखवाड़े बाद झमाझम बारिश हुई। भू-अभिलेख कार्यालय के अनुसार, पिछले 24 घंटे में जिले में 4.36 इंच वर्षा दर्ज की गई। विदिशा तहसील में सबसे ज्यादा 2.00 इंच बारिश हुई। नटेरन में 1.53 इंच, कुरवाई में 0.20 इंच, ग्यारसपुर में 0.19 इंच, शमशाबाद में 0.12 इंच और बासोदा में 0.10 इंच वर्षा दर्ज हुई। लटेरी में बारिश नहीं हुई। 1 जून से अब तक जिले में औसतन 34.02 इंच बारिश हो चुकी है। पिछले साल इसी अवधि में 31.10 इंच वर्षा हुई थी। बारिश से किसानों को फसलों के लिए राहत मिली है। हालांकि, शहर के निचले इलाकों में पानी भर गया और जगह-जगह कीचड़ जमा होने से लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ा। मौसम विभाग का कहना है कि जिले में अगले कुछ दिनों तक रुक-रुककर वर्षा का दौर जारी रहने की संभावना है।

---


**23 से 29 तक लगने वाले पुस्तक मेले को लेकर स्कूलों के प्राचार्यों की बैठक हुई**

## पुस्तक मेले में दिखाई देंगी अलग-अलग विषयों पर आधारित नई-नई किताबें

हरिभूमि न्यूज ▶▶|विदिशा

राष्ट्रीय पुस्तक न्यास नई दिल्ली के तत्वाधान में पुस्तक मेला का आयोजन 23 से 29 अगस्त तक आडिटोरियम में आयोजित किया जा रहा है।

अपर कलेक्टर अनिल कुमार डामोर ने मंगलवार को कलेक्ट्रेट के बेतवा सभागार कक्ष में बैठक आयोजित की। जिसमें जिले के सभी शासकीय अशासकीय स्कूलों के प्राचार्यो व प्रतिनिधियों ने सहभागिता की। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि पुस्तक मेला का अधिक से अधिक प्रचार-प्रसार शैक्षणिक संस्थानों के माध्यम से भी किया जाए। पुस्तक मेले में स्कूली विद्यार्थियों का भ्रमण कराया जाए। इसके अलावा आयोजित होने वाली गतिविधियों में शासकीय अशासकीय स्कूलों के विद्यार्थी, प्रतिभागी बनें और आयोजनों को देखने के लिए गुरुजनों, परिवारिक सदस्यों के साथ आने प्रेरित किया जाए। संयुक्त कलेक्टर एवं स्कूल शिक्षा विभाग की जिला नोडल अधिकारी शशि मिश्रा ने बताया कि पुस्तक मेला अवधि के दौरान शाम 5 बजे से 8 बजे तक कला एवं सांस्कृतिक गतिविधियों की रूपरेखा बनाने एवं सहभागियों की स्केनिंग तथा चयन करने नोडल अधिकारी नियुक्त किए गए हैं।



### मेले में आने वाले बच्चों के लिए होंगी प्रतियोगिताएं

पुस्तक मेला में बाल गतिविधियां आयोजित की जाएगी। जिनमें चित्रकला, प्रतियोगिता, कल्पना से कहानी तक कव्हर्ड डिजायन प्रतियोगिता, मेरी किताब मेरी कलम से, बुकमार्क कार्यशाला, आओ बनाएं किताबों को साथी, कला और शिल्प कार्यशाला, सृजनात्मक लेखन, कार्यशाला एवं पुस्तक विमोचन, सुनो कहानी रंग मंच की दुनिया, कहानी की टोकरी, खेल खेल में विज्ञान, कथा नगरी की सैर, आओ सीखें प्रश्न पूछने की कला, कहानी सत्र- एक बार की बात, गौंड कला की गलियों में इत्यादि बाल गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा। समीक्षात्मक बैठक में शासकीय अशासकीय स्कूलों के प्रतिनिधियों द्वारा पुस्तक मेला को बहुउपयोगी बनाए जाने आवश्यक सुझाव सांझा किए गए। जिन पर अमल करने के लिए नोडल अधिकारियों को दायित्व सौंपे जाएंगे।

### बिजली कंपनी के खिलाफ की नारेबाजी

**विदिशा।** अंबार और नादौर गांव के ग्रामीणों ने मंगलवार को कलेक्ट्रेट पहुंचकर बिजली समस्या के समाधान की मांग की। ग्रामीणों ने कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा और बिजली कंपनी के खिलाफ नारेबाजी की। ग्रामीणों का कहना है कि वे कई सालों से अघोषित बिजली कटौती झेल रहे हैं। दिन में घरेलू सप्लाई का करंट खेतों की पंप लाइन में डायवर्ट कर दिया जाता है। इससे आबादी वाले क्षेत्रों में व्यापक कटौती होती है। गांवों में बिजली रात 12 से 1 बजे के बाद ही मिलती है। बिजली कटौती से बच्चों, बुजुर्गों और बीमार लोगों को परेशानी होती है। अंधेरे में दुर्घटनाएं भी होती रहती हैं। प्रदर्शनकारियों ने प्रशासन से नियमित बिजली व्यवस्था सुनिश्चित करने की मांग की है। उन्होंने चेतावनी दी है कि समाधान नहीं होने पर आंदोलन किया जाएगा। स्थानीय निवासी दीपांश चौकसे ने कहा कि सरकार का 24 घंटे बिजली देने का वादा धरातल पर विफल हो चुका है। गांवों में लोग रात में भी अंधेरे में रहने को मजबूर हैं।

## 20 से अधिक कर्मचारियों के कार्य क्षेत्र में कलेक्टर ने किया परिवर्तन

**अनंत नारायण शर्मा अपर कलेक्टर न्यायालय में नियुक्त**

हरिभूमि न्यूज ▶▶|विदिशा

कलेक्टर ने प्रशासनिक कार्यों में सुधार के लिए महत्वपूर्ण फेरबदल किया है। मंगलवार को जारी आदेश में 20 से अधिक सहायक ग्रेड-3 कर्मचारियों के कार्य क्षेत्र में परिवर्तन किया गया है।

जिला नाजिर उदय सिंह हजारी को स्थानीय निर्वाचन में नई जिम्मेदारी दी गई है। गोपाल सोनी को सहायक प्रवाचक न्यायालय अपर कलेक्टर का कार्यभार सौंपा गया है। अनंत नारायण शर्मा को प्रभारी अपर कलेक्टर से हटाकर अपर कलेक्टर न्यायालय में नियुक्त किया गया है। मुकेश राजपूत को तहसील बासौदा से स्थानीय निर्वाचन में स्थानांतरित किया गया है। जितेन्द्र कुमार शर्मा खाद्य शाखा से जिला नाजिर शाखा में भेजे गए हैं। सुरेश गौड़ को वित्त शाखा से एसडीएमओ शाखा में भेजा गया है। राजेश तिवारी को सतर्कता शाखा से डीडीपीओ/राहत शाखा में स्थानांतरित किया गया है।

शिव कुमार शाक्य एसडीएमओ शाखा से वित्त शाखा में भेजे गए हैं। नीलू बिदवान को डीडीपीओ/राहत शाखा से तहसील ग्रामीण विदिशा में नियुक्त किया गया है। नलिन साहू को तहसील ग्यारसपुर से जागीर शाखा में स्थानांतरित किया गया है। यह फेरबदल कार्य व्यवस्था को और अधिक कुशल बनाने के लिए किया गया है। इसके साथ ही वित्त, खाद्य, राहत, तहसील और पंचायत शाखाओं के अन्य कर्मचारियों की जिम्मेदारियों में भी बदलाव किया गया है।

## ग्यारसपुर में राशन विक्रेताओं ने हड़ताल की दी चेतावनी

हरिभूमि न्यूज ▶▶|ग्यारसपुर

ग्यारसपुर के सभी शासकीय उचित मूल्य की दुकानों के सेल्समैनों ने मंगलवार को एसडीएम को अपनी मांगों को लेकर मुख्यमंत्री के नाम एसडीएम को ज्ञापन दिया। ज्ञापन में मांग की गई है कि पीडीएस दुकान में भेदभाव ना करते हुए समान अनुदान एवं कमिशन सेल्समैन को दिया जाए। उन्होंने बताया है कि विपणन सहकारी संस्थाएं वन उपज समिति महिला भंडार एवं महिला समूह के द्वारा शासन के निर्देशानुसार सार्वजनिक वितरण प्रणाली के अंतर्गत 50% से अधिक उचित मूल्य की दुकानों का संचालन हम सभी के द्वारा जिले एवं प्रदेश में किया जा रहा है, लेकिन शासन से हमें सभी के साथ भेदभाव कर उक्त योजना से वंचित रखा गया है। ज्ञापन में कहा गया है कि कि यदि हमारी यदि जायज मांगों को पूरा नहीं किया गया तो ग्यारसपुर ब्लॉक के सभी सेल्समेन अपनी मांग को लेकर हड़ताल पर चले जाएंगे।



### अंडरब्रिज के पास बुजुर्ग को टक्कर मारकर कार चालक फरार

**विदिशा।** जैन कॉलेज अंडरब्रिज के पास मंगलवार सुबह पैदल जा रहे 55 वर्षीय पुरनपुरा निवासी जय सिंह प्रजापति को एक तेज़ रफ़्तार कार ने टक्कर मार दी। कार चालक बिना रुके फरार हो गया। हादसे के बाद मौके पर मौजूद लोग देखते रहे। किसी ने भी घायल को अस्पताल पहुंचाने की कोशिश नहीं की। वहां से गुजर रहे राजेश तिवारी ने घटना की सूचना समाजसेवी आदर्श तिवारी को दी। सूचना मिलते ही आदर्श तिवारी मौके पर पहुंचे और अपनी कार से घायल को अकेले ही मेडिकल कॉलेज लेकर पहुंचे। परिजनों का पता लगाकर उन्हें घटना की सूचना दी गई। आदर्श तिवारी पहले भी कई बार अपने वाहन से घायलों को सही समय पर हॉस्पिटल पहुंचा चुके हैं। उन्हें राह वीर पुरस्कार भी मिल चुका है।

---

**सशक्त वाहिनी अभियान के तहत निःशुल्क कोचिंग का शुभारंभ**

## 12वीं पास कर चुकीं छात्राओं को प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए तैयार करेंगे विशेषज्ञ, 3 महीने दी जाएगी कोचिंग

हरिभूमि न्यूज ▶▶|विदिशा

कलेक्टर अंशुल गुप्ता के निर्देशन में बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना अंतर्गत महिला एवं बालिकाओं के सशक्तिकरण के उद्देश्य से सशक्त वाहिनी अभियान के तहत महिला बालिकाओं के लिए प्रतियोगी परीक्षाओं विशेष कर पुलिस भर्ती में चयन के लिए निःशुल्क मार्गदर्शन, अध्ययन एवं शारीरिक प्रशिक्षण के लिए निःशुल्क कोचिंग क्लास शुरू की जा रही है। महिला एवं बाल विकास की जिला कार्यक्रम अधिकारी विनीता लोढ़ा ने बताया कि जिन बालिकाओं ने कक्षा 12वीं पास कर 18 वर्ष की आयु पूर्ण कर ली है उनके प्रथम बैच के लिए 65 युवतियों के आवेदन प्राप्त हुए हैं।

कक्षाओं का संचालन आने वाली प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए पुलिस कंट्रोल रूम पुलिस लाइन में आज बुधवार दोपहर दोपहर 3 बजे से प्रथम बेच शुरू किया जा रहा है। प्रथम बैच 3 माह के लिए संचालित किया जाएगा। जिसमें विषयवार गणित, मनोविज्ञान, इंग्लिश, सामान्य ज्ञान आदि विषयों की तैयारी विषय विशेषज्ञ द्वारा कराई जाएगी। साथ ही समय-समय पर आयोजित पुलिस भर्ती एवं अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कराई जाएगी। सशक्त वाहनी अभियान अंतर्गत संचालित निःशुल्क कक्षाओं का मुख्य उद्देश्य है की कमजोर वर्ग की वह बालिकाएं जो कोचिंग क्लास नहीं कर पा रही हैं उन्हें इस अभियान के माध्यम से निःशुल्क कोचिंग क्लास उपलब्ध कराई जा सकें। जिससे वह प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर शासकीय सेवा में जा सकें। जनप्रतिनिधियों की मौजूदगी आज निशुल्क कोचिंग कक्षाओं का शुभारंभ किया जाएगा।



## वन विभाग की टीम ने 3 किमी पैदल चलकर जंगल में की गश्त



**शमशाबाद।** वन परिक्षेत्र अधिकारी संगीता अमलतास ने अपने दल बल के साथ लटेरी वन सीमा से जटपुरा बैरियर तक 3 किमी पैदल जंगल में गश्त की। जिसमें वन अपराधों को रोकने समस्त स्टाफ के साथ यह गश्त कर जंगल का भ्रमण किया गया। वन परिक्षेत्र अधिकारी संगीता अमलताश ने बताया कि जब कर्मचारी बाइक या कार पर सवार होकर जंगल में गश्त कर रहे होते हैं तो उसकी आवाज से लकड़ी चोर सतर्क हो जाते हैं। साथ ही वन्य जीव भी नहीं दिख पाते। ऐसे में पैदल गश्त होने से शिकारियों के साथ ही वन्य जीवों पर भी निगरानी रखी जा सकेगी। वन परिक्षेत्र के जंगल में आगे भी इसी प्रकार की गश्त जंगल में पैदल चलकर की जाएगी। वन सुरक्षा एवं वन संवर्धन के लिए वन अपराध रोकथाम के लिए वन कर्मियों को निर्देश दिए गए हैं।

## बासौदा मंडी भाव

शरबती
न्यूनतम भाव-2900
उच्चतम भाव-3452
सुजाता
न्यूनतम भाव-2550
उच्चतम भाव-2800
मालव शक्ति
न्यूनतम भाव-2540
उच्चतम भाव-2590
चना
न्यूनतम भाव-4800
उच्चतम भाव-5830
मसूर
न्यूनतम भाव-4210
उच्चतम भाव-8000
तेवड़ा
न्यूनतम भाव-3125
उच्चतम भाव-3366
सोयाबीन
न्यूनतम भाव-2400
उच्चतम भाव-4751
सरसों
न्यूनतम भाव-4900
उच्चतम भाव-7950
मूंग
न्यूनतम भाव-2600
उच्चतम भाव-7000
धान
न्यूनतम भाव-2021
उच्चतम भाव-2755
उड़द
न्यूनतम भाव-3600
उच्चतम भाव-5800
धनिया
न्यूनतम भाव-6500
उच्चतम भाव-6500
बटरी
न्यूनतम भाव-4000
उच्चतम भाव-4000

### कृषि मंडी में हुई आवक

गंज बासौदा। कृषि उपज मण्डी में मंगलवार को आसपास के ग्रामीण अंचलों से किसान ट्रैक्टर-ट्रालियों से कृषि जिंसों को नीलामी के लिए लेकर पहुंचे। जिससे कृषि मण्डी में 8038 बोरे उपज की आवक हुई।

## खेतों में आ गई बतर, सोयाबीन की वृद्धि और फलन हो रहा प्रभावित

# इलाके में कम बारिश से फसलों को हो रहा नुकसान, उपज होगी प्रभावित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा





इलाके के अधिकांश क्षेत्र में एक सप्ताह से अच्छी बारिश न होने से फसलें प्रभावित होने लगी हैं और उनके फूल एवं फलियां मुरझाने की स्थिति में आ गए हैं। वहीं तेज धूप के चलते चिलचिलाती गर्मी और उमस से लोगों को भी परेशानियों और बीमारियों का सामना करना पड रहा है। ऐसे में किसान अपनी फसलों को लेकर चिंतित हो रहे हैं और उन्हें आशंका है कि मौसम के इस तेवर से उनकी फसलों की उपज प्रभावित हो सकती है। इसलिए किसान अब लगातार अच्छी बारिश की कामना कर रहे हैं।

यहां उल्लेखनीय है कि पिछले एक सप्ताह से इलाके में तेज और अच्छी बारिश नहीं हुई है। हांलाकि प्रतिदिन आसमान पर घटाएं तो छा रही हैं,लेकिन उनसे बौछारें ही पडकर रह जाती हैं। जिससे कुछ समय के लिए तो मौसम सुहावना हो जाता है, लेकिन उसके बाद तेज धूप निकलने से गर्मी और उमस परेशानी बढा देती है। हांलाकि नगर के आसपास कुछेक ग्रामीण क्षेत्रों में इन बादलों से अच्छी बारिश भी हो रही है, लेकिन अधिकांश क्षेत्र अब भी अच्छी बारिश के लिए परेशान हो रहा है। ऐसे में इलाके में वायरल, सर्दी जुकाम के पीडितों की संख्या भी लगातार बढती जा रही है। जिससे लोगों को काफी परेशानी उठानी पड रही है।

उधर बारिश न होने से फसलों पर भी विपरीत असर पड रहा है। किसान सुनील दांगी, नरेन्द्र तिवारी, देवेन्द्र चिढार, पप्पू लोधी, प्रदीप लोधी, मोनू लोधी, प्रहलाद रघुवंशी, गोलू रघुवंशी आदि का कहना है कि अच्छी बारिश न होने और तेज धूप से अब खेतों में बतर आ गई है। वहीं इस समय सोयाबीन की फसल में फूल और फलियां लगने लगी हैं। तेज धूप और गर्मी के चलते फूल और फलियां मुरझाने लगी हैं। यही स्थिति रही तो सोयाबीन की उपज काफी प्रभावित हो सकती है। वहीं बारिश न होने से फसलों को बचाने के लिए किसान उनमें पोषक दवाओं का भी छिडकाव नहीं कर पा रहे हैं। दूसरी ओर धान की फसल में भी बारिश न होने से विपरीत असर पड रहा है। इस कारण सभी तरह के किसानों को फसलों को लेकर चिंता हो रही है। इसलिए किसान और नागरिक अब इलाके में लगातार और अच्छी बारिश की कामना कर रहे हैं।

उधर मौसम का हाल बताने वाली वेबसाइटों में से एक ने आगामी 23 अगस्त से अच्छी बारिश के संकेत दिए हैं। जबकि दूसरी वेबसाइट पर मंगलवार की रात से ही आगामी दिनों में अच्छी बारिश के पूर्वानुमान व्यक्त किए गए हैं। इस वेबसाइट पर तो भारतीय मौसम विभाग की ही तरह मंगलवार की रात और बुधवार को ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है।

# फोटोग्राफर एसोसिएशन का कार्यक्रम आयोजित



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

नगर के फोटोग्राफर एसोसिएशन ने विश्व फोटोग्राफी दिवस पर भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम भावसार पुलिया स्थित रघुवंशी धर्मशाला में आयोजित हुआ। कार्यक्रम से पहले नगर के फोटोग्राफरों ने बाइक रैली निकाली। यह रैली नगर के मुख्य मार्ग बरेठ रोड से होते हुए, भावसार पुलिया होकर रघुवंशी धर्मशाला पहुंची। कार्यक्रम में नगर के वरिष्ठ फोटोग्राफरों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। एसोसिएशन के सदस्यों ने कहा कि फोटोग्राफी जीवन के पलों को सहेज कर रखती है। फोटो के माध्यम से पुरानी यादें हमेशा ताजा रहती हैं। उन्होंने बताया कि फोटोग्राफी एक चुनौतीपूर्ण पेशा है। नगर पालिका अध्यक्ष शशि अनिल यादव, जनपद अध्यक्ष नीतू रघुवंशी और व्यापार महासंघ के अध्यक्ष विपिन तिवारी ने एसोसिएशन के वरिष्ठ सदस्य सुनील यादव, बृज फोटो स्टूडियो के संचालक बृजमोहन बबेले, नीरज पचौरी, विशाल कुशवाह, फोटो बाबू, दीपक श्रीवास्तव सहित शहर बेस्ट फोटोग्राफरों को सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि फोटोग्राफर सामाजिक, राजनीतिक और व्यक्तिगत कार्यक्रमों की यादों को संजोने का काम करते हैं। फोटोग्राफर एसोसिएशन के विशाल रघुवंशी ने फोटोग्राफरों की समस्याएं बताईं कि शादी सीजन में रात को काम से लौटते समय पुलिस की रोक-टोक का सामना करना पड़ता है। उन्होंने अतिथियों से इन समस्याओं के समाधान की मांग की। कार्यक्रम में हेमंत पटेल, शौर्य जैन, विकास सागर सहित अनेक फोटोग्राफर मौजूद थे।

### भसुआ मिट्टी ले जा रही ट्रैक्टर ट्रॉली जब्त



**गंज बासौदा।** वन विभाग की गश्ती टीम ने गत दिवस वन क्षेत्र से भसुआ मिट्टी का अवैध उत्खनन और परिवहन करते हुए एक ट्रैक्टर-ट्रॉली पकड़ी। कार्रवाई उप वनमंडल अधिकारी प्रशांत कुमार साकर के निर्देश पर और वन परिक्षेत्र अधिकारी विनीता सूर्यवंशी के नेतृत्व में की गई। 18 अगस्त को नई मंडी के पास पीडब्ल्यूडी रोड पर सोनालीका ट्रैक्टर-ट्रॉली को मिट्टी ले जाते पकड़ा गया। जांच में पता चला कि मिट्टी वन क्षेत्र से लाई जा रही थी। ट्रैक्टर चालक आकाश आदिवासी निवासी ग्राम सिरावदा के खिलाफ वन अपराध के तहत मामला दर्ज किया गया। जब्ती की कार्रवाई वनपाल महेन्द्र सिंह दांगी, चौकी प्रभारी भिलायां, वन रक्षक राहुल मेहता और जितेन्द्र चतुर्वेदी की टीम ने की। वन विभाग ने साफ किया है कि अवैध उत्खनन और परिवहन में शामिल किसी भी व्यक्ति पर सख्त कार्रवाई जारी रहेगी। बीते दो माह में ऐसे चार से ज्यादा वाहन जब्त किए जा चुके हैं।

### बच्चों को बूस्टर डोज के लिए पालकों को दी जानकारी

**गंजबासौदा।** संत शिरोमणि आचार्य गुरुवर विद्यासागर महाराज के परम प्रभावक शिष्य एवं नवाचार समय सागर महाराज के मंगल आशीर्वाद से नगर में विराजमान पूज्य मुनि संभव सागर महाराज ससंघ के सानिध्य में 21 अगस्त को गुरु पुष्य नक्षत्र पर सकल जैन समाज के तत्वावधान में आचार्य विद्यासागर आयुर्वेदिक औषधालय द्वारा नगर के सभी शासकीय एवं अशासकीय विद्यालयों में जो लगभग संख्या में 90 विद्यालयों के 30000 बच्चों को 70 टीमों के द्वारा आयुर्वेदिक औषधि स्वर्णप्राशन बूस्टर डोज दिया जाएगा। इसी संदर्भ में उदयपुर एवं बरेठ में सरस्वती विद्यापीठ स्कूल एवं अन्य स्कूलों में भी 21 अगस्त को बूस्टर डोज बच्चों को देने हेतु आज एक टीम नगर से बच्चों एवं उनके पालकों को जानकारी देकर उनकी सहमति लेने पहुंची। बच्चों को बूस्टर डोज पिलाने के लिए 21 अगस्त को पुनः टीम आएगी। टीम में मुख्य रूप से प्रणय जैन, दीपा जैन, राशि, सुरेखा, प्रवीणा, अनीता जैन एवं विद्यालय के संचालक गौरी शंकर, सौरभ द्विवेदी, सुंदर जाट एवं पालकगण और अन्य स्टाफ तथा उदयपुर, बरेठवासी उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप

### हमले के छह आरोपी गिरफ्तार

**गंजबासौदा।** पुरानी रंजिश को लेकर 16 जून की रात बरेठ रोड पर दो गुटों में हुए विवाद में प्राणघातक हमले के मामले में पुलिस ने छह आरोपियों को गिरफ्तार किया है। यह सभी घटना के बाद से फरार थे। सिटी थाना प्रभारी संजय बेदिया ने बताया कि गिरफ्तार आरोपियों में रविंद्र, आकाश, सिद्धांत, अंकित, गजराज उर्फ गजेंद्र और विशाल रघुवंशी शामिल हैं। इन सभी पर जानलेवा हमले का मामला दर्ज है। घटना के दिन बरेठ रोड पर दोनों गुटों में लाठी, डंडे और तलवारें चली थीं। पुलिस ने मौके से दोनों पक्षों के लोगों को गिरफ्तार किया था। घटना के बाद एसपी रोहित काशवानी ने जिले की आधा दर्जन से ज्यादा टीमें और पुलिस बल मौके पर भेजा था। इस दौरान कुरवाई से ग्यारसपुर जा रहे कांग्रेस अनुसूचित वर्ग के प्रदेश अध्यक्ष प्रदीप अहिरवार भी चपेट में आ गए थे। उनकी एसयूवी कार के शीशे तोड़ दिए गए थे। उन्होंने करीब 2 किलोमीटर तक कार दौड़ाकर अपनी जान बचाई थी।

# श्रमदान दल ने किया बिल्व पत्र का पौधारोपित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा



प्रकृति से जुड़ाव और पर्यावरण संरक्षण की दिशा में श्रमदान दल का एक पेड़ –एक संकल्प अभियान लगातार समाज को प्रेरणा दे रहा है। इसी कड़ी में श्रमदान दल द्वारा मंगलवार को नगर के मुख्य मार्ग बहलोट बायपास रोड जय पैलेस के सामने एक बेलपत्र का पौधा रोपित किया गया। इस पौधे की सुरक्षा और देखरेख की जिम्मेदारी ग्राम बहलोट निवासी मंजू शर्मा एवं उनके परिवारजनों ने ली। बेलपत्र का वृक्ष भारतीय संस्कृति में अत्यंत पवित्र माना जाता है। मान्यता है कि भगवान शिव को अर्पित किया गया बेलपत्र भक्तों की मनोकामनाएँ पूर्ण करता है। धार्मिक ग्रंथों में इसका उल्लेख त्रिदेव के प्रिय पत्र के रूप में किया गया है। लेकिन केवल आस्था ही नहीं, आधुनिक विज्ञान भी बेलपत्र के महत्व को प्रमाणित करता है। बेलपत्र की पत्तियों में औषधीय गुण पाए जाते हैं, जो मधुमेह, रक्तचाप नियंत्रण और पाचन संबंधी विकारों में उपयोगी होते हैं। यह वृक्ष वायुमंडल को शुद्ध करने में सक्षम है तथा कार्बन डाइऑक्साइड को सोखकर ऑक्सीजन का उच्च स्तर प्रदान करता है। बेलपत्र वृक्ष की जड़ें भूमि को बाँधकर मृदा अपरदन रोकती हैं और पर्यावरण संतुलन में योगदान करती हैं। श्रमदान दल के सदस्य बताते हैं कि भारत जैसे विशाल देश में यदि हर नागरिक प्रति वर्ष केवल एक पौधा भी लगाए और उसे बड़ा होने तक संरक्षित करे, तो यह आंदोलन हर वर्ष करोड़ों नए वृक्षों को जन्म देगा। विश्व पर्यावरण संगठन की एक रिपोर्ट के अनुसार भारत में प्रति व्यक्ति हरित क्षेत्र अभी भी WHO की अनुशंसित सीमा से काफी कम है। एक वयस्क वृक्ष प्रतिदिन लगभग 20 लोगों को शुद्ध ऑक्सीजन उपलब्ध करा सकता है। केवल 10 वर्ष तक भी जीवित रहने वाला एक वृक्ष अपने जीवनकाल में लगभग 21 किलो कार्बन डाइऑक्साइड को अवशोषित करता है।

### नेताजी बोस की पुण्यतिथि मनाई

**गंजबासौदा।** शहर वाचनालय पाठक संघ के तत्वावधान में नेताजी सुभाष चंद्र बोस की पुण्यतिथि मनाई गई। इस अवसर पर वरिष्ठ समाज सेवी सुनीलबाबू पिंगले ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि सुभाष चंद्र बोस का जन्म 23 जनवरी 1897 में उड़ीसा के कटक में हुआ था। उन्हें नेताजी के नाम से भी जाना जाता है, उनके पिता का नाम जानकी नाथ बोस और माता का नाम प्रभादेवी था। पिता कटक के जाने-माने वकील थे। 1920 में बोस ने लंदन से आईसीएस परीक्षा चौथी रैंक से पास की थी। नेताजी ने आजादी के संग्राम में शामिल होने के लिए भारतीय सिविल सेवा जैसी आराम देय नौकरी छोड़ दी और स्वतंत्रता संग्राम में अपना योगदान दिया। उनकी मृत्यु को लेकर मतभेद हैं। 18 अगस्त 1945 को जिस प्लेन से नेताजी जापान जा रहे थे वह लापता हो गया और 5 दिन बाद टोक्यो रेडियो ने विमान क्रैश होने एवं नेताजी के निधन की जानकारी दी। कार्यक्रम के अंत में वाचनालय प्रभारी सतीश शिल्पकार द्वारा आभार व्यक्त किया गया।

### रेल्वे स्टेशन पर श्रद्धालुओं का किया स्वागत



**गंजबासौदा।** सोमवार को स्थानीय रेल्वे स्टेशन से 200 यात्रियों का जत्था पंडित केशव गुरु के नेतृत्व में केदारनाथ, यमुनोत्री, गंगोत्री के लिए रवाना हुआ। जहां सात दिवसीय शिव पुराण के साथ ही विभिन्न तीर्थ का दर्शन भक्त करेंगे। इस अवसर पर ग्राम हतौड़ा के सिद्ध हनुमान मंदिर के राजा महाराज द्वारा शिवलिंग केदारनाथ भेजा गया। जहां केदार स्वामी के चरणों में अभिषेक करने के पश्चात यह शिवलिंग ग्राम हतोड़ा के द्वादश ज्योतिर्लिंग के मंदिर में स्थापित किया जाऐगा। ज्ञात हो कि राजा महाराज द्वारा 51 कुंडीए शिव महायज्ञ एवं विश्व विख्यात प्रवचनकर्ता द्वारा नवदिवसीय यज्ञ एवं प्रवचन का आयोजन संपन्न होगा। इसमें भारत के 12 ज्योतिर्लिंगों का स्थापित होने वाले शिव विग्रहों का अर्चन किया जाकर उन्हें ग्राम हतोड़ा मंदिर में स्थापित किया जाएगा। जिसमें सबसे प्रथम शिवलिंग केदारनाथ भगवान के यहां समर्पित किया जा रहा है। पूजन के पश्चात यह शिवलिंग भक्तों द्वारा गंजबासौदा वापिस लाया जाएगा।

### नेत्र शिविर में हुई 128 मरीजों की जांच

**गंजबासौदा।** मिल रोड स्थित सद्गुरु विज़न सेंटर पर नेत्र शिविर का आयोजन स्वर्गीय नारायण सदाशिव पिंगले सेवा संस्थान के सहयोग से स्वर्गीय वैशाली पेंडसे की पुण्य स्मृति में आयोजित किया गया। डॉ. राजकरण वर्मा ने लगभग 128 मरीजों के नेत्रों का परीक्षण कर उन्हें नेत्र रोगों से बचाव के तरीको को बतालाया। 37 लोगों को दवाइयों का वितरण किया गया, 32 मरीजों को मोतियाबिन्द चिन्हित किया, 27 लोगों को चश्मे वितरित किए और 33 लोगों को चश्मे के नंबर निकाले गए।

## वसुधैव कुटुंबकम विषय पर हुआ व्याख्यान

# एसजीएस कॉलेज में विशेष व्याख्यान का हुआ आयोजन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

शासकीय संजय गांधी स्मृति स्नातकोत्तर महाविद्यालय में प्राचार्य डॉ. नरेंद्र कुमार के मार्गदर्शन एवं भारतीय ज्ञान परंपरा प्रकोष्ठ के प्रभारी घनश्याम चौकसे के नेतृत्व में वसुधैव कुटुंबकम विषय पर विशेष व्याख्यान का आयोजन किया गया। साथ ही भारतीय ज्ञान परंपरा प्रकोष्ठ के अंतर्गत हुई प्रतियोगिताओं के लिए पुरस्कारों का वितरण भी किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के जनभागीदारी अध्यक्ष ऋतुज एलिया एवं मुख्य वक्ता के रूप में सांची बौद्ध विश्वविद्यालय के प्राध्यापक डॉ. अमित ताम्रकार उपस्थित रहे। साथ ही दीपक शर्मा एवं कपिल शर्मा मौजूद रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती पूजन और वंदन से हुआ। तत्पश्चात अतिथियों का स्वागत किया गया। इसके बाद प्राचार्य द्वारा स्वागत उद्बोधन प्रस्तुत किया गया। भारतीय ज्ञान परंपरा प्रकोष्ठ के प्रभारी घनश्याम चौकसे ने कार्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत की। वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ. सुमनलता गुप्ता ने वसुधैव कुटुंबकम विषय पर अपना विचार व्यक्त किया। जनभागीदारी अध्यक्ष ने इस कार्यक्रम के लिए महाविद्यालय को बधाई दी। साथ ही भारतीय ज्ञान परंपरा की प्रासंगिकता के बारे में चर्चा की। इसके बाद मुख्य वक्ता डॉ. अमित ताम्रकार ने वसुधैव कुटुंबकम पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने इस भारतीय अवधारणा के उद्भव और वर्तमान तक के सफ़र पर प्रकाश डाला। उन्होंने विश्व के लिए इस अवधारणा की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने भारतीय सनातन संस्कृति पर प्रकाश डालते हुए बताया कि भारतीय सनातन संस्कृति स्वयं तक सीमित नहीं है वह संक्रीण नहीं है कि स्वयं के बारे में ही कल्याण के लिए ही विचार करे, अपितु वह संपूर्ण विश्व को अपना परिवार मानती है और संपूर्ण विश्व के कल्याण के विषय में विचार करती है। उन्होंने बताया कि वर्तमान में विश्व के विभिन्न राष्ट्रों के मध्य संघर्ष चल रहे हैं चाहे वह इजरायल युद्ध हो या यूक्रेन रूस युद्ध हो या अन्य युद्ध हो यह सब संघर्ष इनकी संकुचित मानसिकता के कारण ही हो रहे हैं। इसलिए भारतीय वसुधैव कुटुंबकम की भावना इस समय संपूर्ण विश्व के लिए अनिवार्य हो जाती है। तत्पश्चात भारतीय ज्ञान परंपरा संबंधित सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी गई। छात्र-छात्राओं ने लोक गायन, लोक नृत्य, रंगोली, पोस्टर निर्माण आदि प्रस्तुत किए। विभिन्न प्रतियोगिता में भागीदारी करने वाले छात्र-छात्राओं को प्रमाण पत्र प्रदान किए गए। कार्यक्रम के अंत में डॉ.कंचन वैद्य द्वारा सभी अतिथियों एवं मुख्य वक्ता का आभार व्यक्त किया गया। इस कार्यक्रम में एनएसएस के स्वयंसेवक एवं एनसीसी के कैडेट्स द्वारा विशेष योगदान दिया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय का समस्त स्टॉफ उपस्थित रहा।

**बहुउद्देशीय प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति मर्यादित**
**उदयपुर (महोली) शाखा-उदयपुर**

पंजीयन क्रमांक-14285/10.02.1962 दिनांक 19.08.2025

// वार्षिक आमसभा सूचना पत्र //

बहुउद्देशीय प्राथमिक कृषि सहकारी समिति मर्यादित-उदयपुर (महोली) के समस्त अंशधारी सदस्यों को सूचित किया जाता है कि समिति की बार्षिक आमसभा बैठक दिनांक 06/09/2025 दिन शनिवार को समय दोपहर 12:00 बजे स्थान संस्था गोदाम कार्यालय भवन-उदयपुर में आयोजित की गई है जिसमे एजेन्डे में शामिल विषयों पर विचार कर निर्णय लिए जायेंगे। गणपूर्ति कोरम के अभाव में बैठक स्थगित होने की दशा में स्थगित सुदा साधारण सभा की बैठक उसी स्थान पर आधा घंटे पश्चात् होगी जिसमे गणपूर्ति आवश्यक नहीं होगी। समस्त सदस्यों को साधारण डाक द्वारा बैठक की सूचना दी गई है बैठक में आपकी उपस्थिति प्रार्थनीय है।

समिति प्रशासक सुरेश कुमार बरकडे
समिति प्रबंधक गोपाल प्रसाद शर्मा

**बहुउद्देशीय प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति मर्यादित**
**बाबली शाखा-उदयपुर**

पंजीयन क्रमांक-14285/10.02.1962 दिनांक 19.08.2025

// वार्षिक आमसभा सूचना पत्र //

बहुउद्देशीय प्राथमिक कृषि सहकारी समिति मर्यादित-बाबली के समस्त अंशधारी सदस्यों को सूचित किया जाता है कि समिति की वार्षिक आमसभा बैठक दिनांक 04/09/2025 दिन गुरुवार को समय दोपहर 12:00 बजे स्थान संस्था गोदाम कार्यालय भवन - बाबली में आयोजित की गई है जिसमे एजेन्डे में शामिल विषयों पर विचार कर निर्णय लिए जायेंगे। गणपूर्ति कोरम के अभाव में बैठक स्थगित होने की दशा में स्थगित सुदा साधारण सभा की बैठक उसी स्थान पर आधा घंटे पश्चात् होगी जिसमे गणपूर्ति आवश्यक नहीं होगी। समस्त सदस्यों को साधारण डाक द्वारा बैठक की सूचना दी गई है बैठक में आपकी उपस्थिति प्रार्थनीय है।

समिति प्रशासक सुरेश कुमार बरकडे
समिति प्रबंधक योगेन्द्र चौहान

**बहुउद्देशीय प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति मर्यादित**
**बरेठ शाखा-उदयपुर**

पंजीयन क्रमांक-782/10.02.1962 दिनांक 19.08.2025

// वार्षिक आमसभा सूचना पत्र //

बहुउद्देशीय प्राथमिक कृषि सहकारी समिति मर्यादित-बरेठ के समस्त अंशधारी सदस्यों को सूचित किया जाता है कि समिति की वार्षिक आमसभा बैठक दिनांक 06/09/2025 दिन शनिवार को समय दोपहर 01:00 स्थान संस्था गोदाम कार्यालय भवन-बरेठ में आयोजित की गई है जिसमे एजेन्डे में शामिल विषयों पर विचार कर निर्णय लिए जायेंगे गणपूर्ति कोरम के अभाव में बैठक स्थगित होने की दशा में स्थगित सुदा साधारण सभा की बैठक उसी स्थान पर आधा घंटे पश्चात् होगी जिसमे गणपूर्ति आवश्यक नहीं होगी। समस्त सदस्यों को साधारण डाक द्वारा बैठक की सूचना दी गई है बैठक में आपकी उपस्थिति प्रार्थनीय है।

समिति प्रशासक सुरेश कुमार बरकडे
समिति प्रबंधक हेमंत सिंह रघुवंशी

**बहुउद्देशीय प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति मर्यादित**
**सुनारी शाखा-उदयपुर**

पंजीयन क्रमांक-8442/11.01.1963 दिनांक 19.08.2025

// वार्षिक आमसभा सूचना पत्र //

बहुउद्देशीय प्राथमिक कृषि सहकारी समिति मर्यादित-सुनारी के समस्त अंशधारी सदस्यों को सूचित किया जाता है कि समिति की वार्षिक आमसभा बैठक दिनांक 04/09/2025 दिन गुरुवार को ममय दोपहर 01:00 बजे स्थान संस्था गोदाम कार्यालय भवन - भाट्नी में आयोजित की गई है जिसमे एजेन्डे में शामिल विषयों पर विचार कर निर्णय लिए जायेंगे गणपूर्ति कोरम के अभाव में बैठक स्थगित होने की दशा में स्थगित सुदा साधारण सभा की बैठक उसी स्थान पर आधा घंटे पश्चात् होगी जिसमे गणपूर्ति आवश्यक नहीं होगी। समस्त सदस्यों को साधारण डाक द्वारा बैठक की सूचना दी गई है बैठक में आपकी उपस्थिति प्रार्थनीय है।

समिति प्रशासक सुरेश कुमार बरकडे
समिति प्रबंधक अमित रघुवंशी

**बहुउद्देशीय प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति मर्यादित**
**बडबासा शाखा-उदयपुर**

पंजीयन क्रमांक-14349/30.03.1966 दिनांक 19.08.2025

// वार्षिक आमसभा सूचना पत्र //

बहुउद्देशीय प्राथमिक कृषि सहकारी समिति मर्यादित-बडबासा के समस्त अंशधारी सदस्यों को सूचित किया जाता है कि समिति की वार्षिक आमसभा बैठक दिनांक 09/09/2025 दिन मंगलवार को समय दोपहर 12:00 बजे स्थान संस्था गोदाम कार्यालय भवन-किसनोदा में आयोजित की गई है जिसमे एजेन्डे में शामिल विषयों पर विचार कर निर्णय लिए जायेंगे। गणपूर्ति कोरम के अभाव में बैठक स्थगित होने की दशा में स्थगित सुदा साधारण सभा की बैठक उसी स्थान पर आधा घंटे पश्चात् होगी जिसमे गणपूर्ति आवश्यक नहीं होगी। समस्त सदस्यों को साधारण डाक द्वारा बैठक की सूचना दी गई है बैठक में आपकी उपस्थिति प्रार्थनीय है।

समिति प्रशासक सुरेश कुमार बरकडे
समिति प्रबंधक अंगद सिंह दांगी

**बहुउद्देशीय प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति मर्यादित**
**कुल्हार शाखा-उदयपुर**

पंजीयन क्रमांक-298/11.01.1963 दिनांक 19.08.2025

// वार्षिक आमसभा सूचना पत्र //

बहुउद्देशीय प्राथमिक कृषि सहकारी समिति मर्यादित-कुल्हार के समस्त अंशधारी सदस्यों को सूचित किया जाता है कि समिति की वार्षिक आमसभा बैठक दिनांक 09/09/2025 दिन मंगलवार को समय दोपहर 01:00 बजे स्थान संस्था गोदाम कार्यालय भवन - कुल्हार में आयोजित की गई है जिसमे एजेन्डे में शामिल विषयों पर विचार कर निर्णय लिए जायेंगे गणपूर्ति कोरम के अभाव में बैठक स्थगित होने की दशा में स्थगित सुदा साधारण सभा की बैठक उसी स्थान पर आधा घंटे पश्चात् होगी जिसमे गणपूर्ति आवश्यक नहीं होगी। समस्त सदस्यों को साधारण डाक द्वारा बैठक की सूचना दी गई है बैठक में आपकी उपस्थिति प्रार्थनीय है ।

समिति प्रशासक सुरेश कुमार बरकडे
समिति प्रबंधक गणेशराम श्रीवास्तव

### 2 दिवसीय जिला स्तरीय तब्लीगी इज्तिमा का दुआ के साथ समापन, धर्म गुरुओं ने शांति कायम रख आपसी भाईचारे के साथ रहने का संदेश दिया

# अमन चैन के लिए उठे हजारों हाथ, वालंटियर्स ने संभाली ट्रैफिक व्यवस्था

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरोंज

शहर में मुस्लिम समाज का दो दिवसीय जिला स्तरीय तब्लीगी इज्तिमा दुआ के साथ समापन हुआ। जिसमें हजारों हाथ एक साथ अमन चैन शांति के लिए उठे। इसके अलावा धर्म गुरुओं ने शांति आपसी भाईचारे के साथ रहने का संदेश दिया। उक्त धार्मिक आयोजन में पूरे जिले से बड़ी संख्या में मुस्लिम समाज के लोग सम्मिलित हुए। दूसरी ओर इतनी बड़ी संख्या में आए मेहमानों की व्यवस्था संभालने के लिए बड़ी संख्या में युवा तैनात रहें। सुरक्षा में पुलिस की आवश्यकता भी इन्होंने महसूस नहीं होने दी। यहां पर रहने खाने पीने की इंतजाम भी व्यापक स्तर पर किए गए थे। मालवा धर्म कांटा परिसर में आयोजन हुआ और चार स्थानों पर बंद पार्किंग भी बनाई थी, जहां पर मुस्लिम समाज के लोग ही तैनात थे। नगर की सभी सड़कों चौराहे पर युवा ट्रैफिक व्यवस्था संभाले हुए नजर आए। तो वही दूसरी ओर 2 दिनों तक चले कार्यक्रम में खिदमत करने के लिए लोग भी लगे हुए थे।





### सुरक्षा के लिए बनाए गए 17 पाइंट

इस व्यवस्था से कई संदेश भी गए कि प्रशासन आवश्यकता इन लोगों ने महसूस नहीं होने दी। मुस्लिम समाज के युवा ही इस काम को संभालते रहे। दूसरे वर्ग के लोगों को भी इस व्यवस्था को अपनाना चाहिए। जिससे कि आयोजन व्यवस्थित रूप से बिना पुलिस प्रशासन के सपन्न हो। पूरे जिले की जमाते जिसमें विदिशा, कुरवाई, लटेरी, बासौदा, शमशाबाद, ग्यारसपुर, नटेरन के क्षेत्रों से सम्मिलित हुए। यहां से जमाते भी निकली रविवार को आयोजन प्रारंभ हुआ था इसके लिए सुबह से ही समाजजनो का आना प्रारंभ हो गया था। रात भर लोग एवं जमाते तब्लीगी इज्तिमा में शिरकत करने पहुंची। दो दिन चले इज्तिमा स्थल पर ही पाचों भक्त की नमाजे अदा की गई। वहीं नगर व ग्रामीण क्षेत्रों के लोग इज्तिमा में आए। सुरक्षा हेतु 17 पाइंट बनाए गए। जहां से प्रवेश मार्गों पर वालेंटियर्स भी नियुक्ति किए गए थे जिन्होंने 66 घंटे डियूटी की। इसके लिए आयोजन समिति ने नियुक्त किया था। दो दिनों तक वॉलिंटियर ने दिन व रात सारी व्यवस्थाएं संभाल रखी है।

### बनाए गए चार पार्किंग स्थल

*वाटर प्रेफू टेंट,ठंडी हवा के लिए कूलर की व्यवस्था थी। साथ ही चार पाकिंग स्थल बनाए थे। वालेंटियरो द्वारा उनकी गाड़ियों की पाकिंग करवाई गई। 150 के लगभग आस्थाई बाथरूम बनाई गई। भोपाल के निजी हॉस्पिटल के डॉक्टरों की टीम द्वारा इज्तिमा स्थल पर फ्री दवाइयां एवं उपचार किया गया। गौरतलब हो कि स्थानीय प्रशासन की ओर से भी डॉक्टर की टीम को इज्तिमा गाह पर तैनात की गई। भीड़ को देखते हुए पुलिस-प्रशासन के द्वारा भी सुरक्षा के इंतजाम किए गए थे। नगर में मुस्लिम समाज के द्वारा इतना बड़ा आयोजन किया गया। जिसमें हजारों लोग सम्मिलित हुए बिना किसी समस्या के कार्यक्रम संपन्न हुआ। उलमाओ ने कहा कि जान माल वक्त जिसका अल्लाह के रास्ते में लग जाता है वो कीमती हो जाता है।*

### भगवान लव - कुश जयंती के उपलक्ष्य में नगर में निकाली विशाल शोभायात्रा

# पहलवानों ने दिखाए करतब, भजन मंडली ने दी सुंदर भजनों की प्रस्तुति





हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरोंज

कुशवाह समाज द्वारा मंगलवार को भगवान लव-कुश का जन्मोत्सव बड़ी धूमधाम से मनाया गया। इस मौके पर शहर में भगवान लवकुश की शोभा यात्रा निकाली गई। प्रातः तीर्थ क्षेत्र देवपुर लवकुश मंदिर में समाजजनों ने भगवान लवकुश की विधि विधान पूर्वक पूजा अर्चना की। इसके बाद दोपहर 12 बजे छत्रीनाका चौराहा हनुमान मंदिर से भव्य शोभायात्रा प्रारंभ हुई। जिसमें एक रथ पर भगवान लवकुश के स्वरूप विराजित किए गए थे। रथ के आगे समाजजन अखाड़े का प्रदर्शन करते हुए चल रहे थे, जिसमे युवाओं बुजुर्गो ने भी शस्त्र कौशल का प्रदर्शन कर देखने वालों को अचंभित कर दिया। भगवान लवकुश की विशाल शोभायात्रा हनुमान पथ, कस्टम पथ, रामलला पथ, कठाली बाजार, मुख्य सर्राफा बाजार से होते हुए कृषि उपज मण्डी माता मंदिर पहुंचकर सम्पन्न हुई। जहां समाजजनों ने भगवान लवकुश की पूजा अर्चना कर महाप्रसादी वितरण की।

### भजनों पर थिरके श्रध्दालु

शहर सहित अंचलों से शोभायात्रा में शामिल हुए सैकड़ों युवा डीजे पर चल रहे भजनों की धुन पर झूमते नजर आए। शोभा यात्रा की अगवानी डीजे सहित विभिन्न बाजयंत्रो से की जा रही थी। शोभयात्रा के प्रथम चरण में घोड़ो पर सवार समाज के प्रवुध्दजन अपने हाथां मे केसारिया ध्वज लेकर चल रहे थे।

### बजरंग दल ने चल समारोह का किया भव्य स्वागत

लव कुश जयंती के उपलक्ष्य में निकाले गए भव्य चल समारोह का नगर के चांदनी चौक में विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल प्रखंड द्वारा पुष्प वर्षा कर भव्य स्वागत किया गया। साथ ही सभी समाज बंधुओ को लवकुश जयंती की शुभकामनाएं दी। इस दौरान विभाग सामाजिक समरसता प्रमुख राकेश सक्सेना,बजरंग दल जिला संयोजक जगदीश शाक्य,जिला प्रिंट मीडिया प्रमुख प्रदीप राठौर,जिला अर्चक पुरोहित विनोद शर्मा,जिला सामाजिक समरसता प्रमुख बसंती लाल कुशवाह,अनिल राठौड़,अविनाश अग्रवाल,रमेश जैन,तुलसी नारायण शाक्य,अशोक साहू,रोहित यादव,गौरव सोनी,नरेंद्र नामदेव,नितेश गोस्वामी,दिनेश सेन,शिवम शर्मा,राजू कुशवाह सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### भगवान लवकुश की सुंदर झांकी रही आकर्षण का केन्द्र

*भगवान श्री लव कुश शोभा यात्रा के भव्य चल समारोह में शानदार भजन मंडली गायक राकेश कुशवाह,गायिका भारती कुशवाह,रागनी प्रजापति,डांसर लाल कुशवाह द्वारा प्रस्तुति दी गई। वही अखाड़े में पहलवान अपने करतब दिखाते नजर आए। भगवान श्री की सुंदर आकर्षित झांकी सजाई गई। जिसमें श्री लव कुश के स्वरूप सुंदर प्रस्तुति दे रहे थे एवं सर्व कुशवाह समाज के शहरी क्षेत्र एवं ग्रामीण क्षेत्र से पधारे सभी लोगों के चेहरे पर एक खुशी का माहौल था। इस मौके पर चल समारोह में पधारे अतिथि प्रांतीय कुशवाह समाज के प्रदेश महामंत्री गोपाल सिंह कुशवाह,कुशवाह समाज के प्रदेश अध्यक्ष नारायण सिंह कुशवाह,जिला परिषद सदस्य प्रतिनिधि लाखन सिंह कुशवाह,देवपुर समिति अध्यक्ष घनश्याम कुशवाह,देवपुर समिति उपाध्यक्ष मुन्नालाल कुशवाह,देवपुर समिति कोषाध्यक्ष बुंदेल सिंह कुशवाह,जिला अध्यक्ष राकेश सिंह कुशवाह,भाजपा मंडल अध्यक्ष सीताराम कुशवाह,प्रांतीय कुशवाह समाज जिला संरक्षक कमलेश कुशवाह,प्रांतीय पूर्व सीएमओ नगर पालिका बालमुकुंद कुशवाह आदि लोग मौजूद थे।*

### क्षेत्र के विकास और साइबर सुरक्षा के लिए

# सांसद डॉ. लता वानखेड़े ने गृह मंत्री अमित शाह से की मुलाकात



**सिरोंज।** सिरोंज-सागर संसदीय क्षेत्र की सांसद डॉ. लता वानखेड़े ने क्षेत्र की जनता की सुरक्षा और विकास से जुड़ी महत्वपूर्ण पहल करते हुए भारत सरकार के गृह मंत्री अमित शाह को पत्र सौंपकर संसदीय क्षेत्र का बड़ा हिस्सा जो उत्तर प्रदेश की सीमा से सटा हुआ है, वहां सुरक्षा और बुनियादी सुविधाओं को और बेहतर और आधुनिक बनाने का निवेदन किया है। सांसद द्वारा सौपें गए पत्र में दो प्रमुख मांगे की गई है जिनमें पहली राज्यों के सीमा क्षेत्रों में सीमा का विकास शामिल है। इस संबंध में सांसद डॉ लता बानखेडे ने बताया कि सीमावर्ती गांवों में सड़क,पेयजल,स्वास्थ्य केंद्र,स्कूल और बिजली जैसी सुविधाएँ आज भी अपर्याप्त हैं और आसपास के गांवो में अच्छी सड़को के विस्तार ना होने से पुलिस गश्त और व्यापारिक गतिविधियों में बाधा आती है इसलिए उन्होंने गृह मंत्रालय से आग्रह किया है कि बीएडीपी के अंतर्गत सीमावर्ती क्षेत्रों का विकास किया जाए जिसके अंतर्गत सीमा सड़क का निर्माण, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, सामुदायिक भवन, सीमावर्ती गांवों में पेयजल और सोलर लाइट परियोजनाएं, आर्टिफीशियल इंटेलिजेंस सीसीटीवी सर्विलेंस नेटवर्क शामिल हों, जिससे सुरक्षा और विकास दोनों को गति मिले।

### साइबर क्राइम और डिजिटल सुरक्षा से जुड़े विषय पर किया आग्रह

सांसद वानखेड़े ने साइबर क्राइम और डिजिटल सुरक्षा से जुड़े विषय पर विशेष आगृह करते हुए कहा कि डिजिटल लेन-देन और इंटरनेट के बढ़ते उपयोग के कारण क्षेत्र में ऑनलाइन ठगी, बैंक फ्रॉड और हैकिंग के मामलों में तेजी आई है। अभी तक इन मामलों की आधुनिक और विशेष जांच के लिए भोपाल तक जाना पड़ता है। इस स्थिति को बदलने के लिए उन्होंने विशेष आधुनिक साइबर एवं डिजिटल सुरक्षा यूनिट की स्थापना की भी मांग की है। यह यूनिट आधुनिक आईटी इंफ्रास्ट्रक्चर,डिजिटल फॉरेंसिक लैब, 24-7 हेल्पलाइन और प्रशिक्षित साइबर विशेषज्ञों से लैस होगी। साथ ही नागरिकों को जागरूक करने के लिए जागरूकता अभियान एवं प्रशिक्षण भी प्रदान करेगी। इस संबंध में सांसद वानखेड़े ने बताया कि गृह मंत्रालय ने इन दोनों प्रस्तावों को स्वीकृति देने का आश्वासन दिया है जिससे क्षेत्र की सुरक्षा, बुनियादी सुविधाओं का विस्तार और डिजिटल सुरक्षाकृ तीनों में ठोस सुधार होगा। सांसद डॉ. वानखेड़े की यह पहल सराहनीय है ।

# गरीबी रेखा में दर्ज संपन्न लोग ले रहे गरीबों की योजनाओं का लाभ

### 83 फर्जी अपात्र गरीबों को नोटिस किए जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बरेली

गरीबी रेखा सूची में हमेशा नाम जुडवाने लोगो के आवेदनों की भीड़ लगी रहती है। 29 पात्रता श्रेणी में आने वालों के नाम गरीबी रेखा सूची में जोडे भी जाते है। जिस प्रकार प्रदेश और देश की सरकार द्वारा गरीबी रेखा सूची मे दर्ज लोगो को विभिन्न योजनाओं का खुल कर लाभ दिया जा रहा है। मुफ्त राशन दिया जा रहा है। इसी कारण अपात्र लोग भी गरीबी रेखा सूची में नाम दर्ज करवाने सक्रिय बने रहते है।

### सिर्फ 29 व्यक्ति ही पात्रता की श्रेणी में

राष्ट्रीय खाद सुरक्षा अधिनियम 2013 के अंतर्गत 29 पात्रता श्रेणी के अन्तर्गत आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों को उनके कार्य, व्यवसाय जाति के आधार पर खाद्य, सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए सम्मिलित किया है। जो 29 श्रेणियों में पात्रता नहीं रखते इनका सत्यापन करने के बाद एम राशन मित्र पोर्टल से नाम हटाये जाने की कार्यवाही होती है।

### जांच में 83 अपात्र, दिया नोटिस

*नागरिक और नागरिक आपूर्ति विभाग द्वारा एनएफएस अन्तर्गत सम्मिलित पात्र परिवारों से ऐसे हितग्राहियों की जांच की जा रही है। जो गलत तरीके से गरीब और जरूरतमंदो को मिलने वाली योजनाओं, सुविधाओं का लाभ उठा रहे है। भारत सरकार के आयकर, अप्रत्यक्षकर बोर्ड एवं कंपनी मामले से प्राप्त डाटा की राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम 2013 के अन्तर्गत शामिल पात्र हितग्राहियों की सूची जांच की जा रही है। नगर के 83 हितग्राहियों को संदिग्ध मान कर नोटिस जारी किए गए है। 6 लाख रू. से अधिक आय एवं प्रतिवर्ष आयकर रिर्टन जमा किया जा रहा है। इसी के साथ राशन दुकानों से गरीबों को मिलने वाला राशन भी ले रहे है। सरकार की अन्य योजनाओं का भी लाभ लिया जा रहा है। 15 दिवस के अन्दर अपना जबाव एसडीएम के समक्ष प्रस्तुत करना है।*

### इनका कहना है

प्राप्त डाटा के आधार पर शामिल पात्र पाए गए सन्देहास्पद 83 हितग्राहियों को नोटिस जारी किए गए है। 15 दिवस में उनको एसडीएम के यहां जबाव प्रस्तुत करना है।

- **आपूर्ति पटेल,** कनिष्ठ खाद्य आपूर्ति अधिकारी बरेली

# कई दिनों बाद हुई रिमझिम बारिश से भीगा क्षेत्र, लेकिन सूख रहे खेत

### बादल छाये रहने के बाद दिन में नहीं हुई बारिश, चिंता में किसान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बरेली

पिछले 8-10 दिनों से तेज गर्मी, भारी उमस से लोग परेशान बने हुए है। बीती रात बिजली की चमक-दमक और बादलों की भारी गर्जना के साथ हुई हल्की बारिश से क्षेत्र भींगता रहा परंतु मंगलवार को दिन भर आसमान में घने बादल छाये रहने के बाद बारिश न होने से लोग उमस से बेहाल और ईश्वर से बारिश की प्रार्थना करते नजर आते है।

बाड़ी-बरेली, उदयपुरा क्षेत्र में खरीफ सीजन में क्षेत्र के गांव-गांव में धान की व्यापक स्तर पर खेती की जाती है। 80-90 प्रतिशत किसान बासमती धान की खेती करते है।

बासमती धान में बार-बार भरपूर पानी की जरूरत पडती है। जिस प्रकार गर्मी पड़ रही है, गर्मी का माहौल बना हुआ है। उससे धान के खेतों में भरा पानी तेजी से सूख रहा है। प्राकृतिक बारिश पानी की कमी के कारण धान की फसलें रोगग्रस्त और प्रभावित हो रही है। हालांकि किसानों द्वारा ट्यूबवेलों के द्वारा धान की क्यारियों में पानी भरा जा रहा है। परंतु अत्याधिक गर्मी और गर्म माहौल के कारण पानी सूखने से धान की फसलें प्रभावित कमजोर और पीली पडने के साथ रोग ग्रस्त हो रही है।



### फसलों के लिए बारिश की सख्त जरूरत

*भादौ का महिना अच्छी जोरदार बारिश के लिए जाना जाता है। आधा भादौ का महिना होने जा रहा है। परंतु जिस प्रकार जोरदार बारिश होनी चाहिए उसकी भारी कमी बनी हुई है। समय निकलता जा रहा है, धान फसलों की उम्र बढ रही है, और बारिश की कमी किसानों में भारी चिंता का विषय बन रही है।*

# श्री राजराजेश्वरी भक्त मंडल की बैठक का किया आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बरेली

माँ नर्मदा और श्री राज राजेश्वरी के भक्त पू. संत हीरापुर वाले महाराज जी का 70वां जन्मदिन मनाने श्री राज राजेश्वरी भक्त मंडल की बैठक हुई। पू. गुरूजी के 70वें जन्मोत्सव समारोहपूर्वक किया जाने श्रीमद भागवत महापुराण के 108 पारायण श्री सहस्त्र चंडी यज्ञ एवं श्रीमद भागवत कथा प्रवचन कार्यक्रम 29 अगस्त से 4 सितंबर तक आयोजित करने के संबंध में बैठक में विचार विमर्श और चर्चा की गई।

भक्त मंडल के राजीव भार्गव ने बताया कि कथा व्यास श्रवनानंद सरस्वती महाराज वृंदावन धाम 24 अगस्त से 7 दिवसीय कथा का पाठ करेंगे। कथा के बाद धर्माचार्यो के आर्शीवचन होंगे। 4 सितंबर को श्री राज राजेश्वरी भक्त मंडल द्वारा भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी। रात्रि में हीरापुर वाले स्वामी जी का जन्मोत्सव श्री राज राजेश्वरी शक्ति पीठ श्री स्कंद आश्रम ग्यावर रोड नेमी शारण्य उप्र रहेगा। बैठक में जन्मोत्सव समारोह की कार्यक्रमों की जिम्मेदारियां सौंपी गई।

बैठक में महेन्द्र वर्मा, राजेन्द्र वर्मा, गिरीश पालीवाल, शंकर सिंह माता वाले, योगेन्द्र पटेल, अनुराग रघुवंशी, राहुल रघुवंशी, रघुवीर पटेल, शैलेन्द्र राजपूत, प्रभात शर्मा, स्वरूप सिंह ठाकुर, सचिन वर्मा, मुकेश चौधरी सहित अन्य शिष्यों की उपस्थिति रही।

**कार्यालय बहुउद्देशीय प्राथमिक कृषि साख सहकारी सोसायटी मर्यादित विशनपुर शाखा कुरवाई**

पंजीयन क्रमांक 09/30-06-1967 दिनांक 19/08/2025

// एजेंडा वार्षिक आमसभा //

बहुउददेशीय प्राथमिक कृषि साख सहकारी सोसायटी मर्यादित विशनपुर के समरस्त अंशाधारी सदस्यों को सूचित किया जाता है कि 58 वी साधारण सभा दिनांक 04/09/2025 दिन गुरुवार समय दोपहर 1 बजे से स्थान गोडाउन भवन ग्राम विशनपुर में आयोजित की गई है गणपूर्ति (कोरम) के अभाव में बैठक स्थगित होने की दशा में स्थगित साधारण सभा की बैठक उसी स्थान पर 1/2 घण्टे पक्षात होगी जिसमें गणपूर्ति आवश्यक नहीं होगी ।

संजीव कुमार दुबे, समिति प्रबंधक — नितिन श्रीराव, प्रशासक

**बहुउद्देशीय प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति कुरवाई तहसील कुरवाई**

पंजीयन क्रमांक 341/24-11-1967 दिनांक 19/08/2025

// वार्षिक आमसभा सूचना //

प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति कुरवाई के समस्त अंशधारी सदस्यों को सूचित किया जाता है कि संस्था की वार्षिक साधारण सभा की 58 वीं बैठक दिनांक 10.09.2025 दिन बुधवार को स्थान समिति कार्यालय कुरवाई कार्यालय पर समय दोपरह 1.00 बजे आयोजित की गई है। कोरम के अभाव में स्थगित शुदा मीटिंग 30 मिनिट पश्चात पुनः नियत स्थान पर होगी। जिसमें गणपूर्ति आवश्यक नहीं होगी। समस्त सदस्यों को सभा का विस्तृत एजेण्डा साधारण डाक से भेजा जा रहा है। बैठक में उपस्थिति प्रार्थनीय है।

मो. अरशद, समिति प्रबंधक — नितिन श्रीराव, प्रशासक

**बहुउद्देशीय प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति मर्यादित खेजड़ा बर्री शाखा गुलाबगंज विदिशा मध्य प्रदेश**

पंजी क्रमांक 4889/24/10/60 दिनांक 18/08/2025

// वार्षिक साधारण आमसभा //

बहुउद्देशीय प्राथमिक कृषि साख सहकारी सोसाइटी खेजड़ा बर्री शाखा गुलाबगंज विदिशा के समस्त अंश धारी सदस्यों को सूचित किया जाता है कि समिति की वार्षिक आम सभा दिन बुधवार दिनाँक 03-09-2025 को समय दोपहर 01 बजे स्थान गोदाम भवन ग्राम खेजड़ा चक्क में आयोजित की गई है गणपूर्ति कोरम के अभाव में बैठक स्थगित होने की दशा में साधारण सभा की बैठक इसी दिन उसी स्थान पर आधा (1/2) घंटे पश्चात होगी समस्त सदस्यों को साधारण डाक से सूचना दी गई है बैठक में आपकी उपस्थिति प्रार्थनीय है।

प्रशासक, किशोर कुमार अहरवाल — समिति प्रबंधक, बृजेश कुमार रघुवंशी

### ज्ञान, भक्ति, धन, शक्ति सभी में प्रमुख पूज्य देवियां: राज्यमंत्री पटेल

# रक्षाबंधन महोत्सव में राज्यमंत्री पटेल को सैकड़ों बहनों ने बांधी राखियां

### नगर एवं ग्रामीण क्षेत्र से आई बहनों का राज्यमंत्री पटेल को मिला भरपूर प्यार आर्शीवाद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बरेली

नाहर कालौनी स्थित नपं. के सामुदायिक भवन में मंगलवार को दोपहर से शाम तक नगर एवं क्षेत्र के ग्रामों से आई महिलाओं का मेला सा लगा रहा। अवसर था क्षेत्र के विधायक एवं प्रदेश सरकार के राज्यमंत्री भाई नरेन्द्र शिवाजी पटेल को बहिनों द्वारा सामुहिक रूप से राखियां बांधने का सेकडो बहिनों ने बडे लाड-प्यार दुलार और उत्साह के साथ भाई नरेन्द्र पटेल को राखियां बांधी गई। तो मंत्री पटेल ने भी अपनी बहिनों के आर्शीवाद स्नेह से अभिभूत होकर सभी सेकडो बहिनों को साडिय़ा उपहार में दी और स्वल्पाहार भी कराया।

राज्यमंत्री नरेन्द्र शिवाजी पटेल एवं मंच पर उपस्थित लोगो का नपं. सीएमओ हरिशंकर वर्मा एवं अन्य विभागीय अधिकारियों, कर्मचारियों द्वारा पुष्पहारोंसे स्वागत किया गया। राज्यमंत्री पटेल ने कहा कि बहिनों की ताकत से चुनाव जीता और कार्य कर पा रहा हूँ। बहिनों के वोट के समर्थन से प्रदेश और देश में भाजपा की सरकार बनी। कहा कि प्रधानमंत्री मोदी जी ने बहिनों को आगे बढ़ाने के लिए अदभुत अभियान चलाया जा रहा है। सेना के तीनों अंगो में महिलाओं को अवसर मिल रहे है। परेड का नेतृत्व महिला द्वारा किया गया।



उन्होंने कहा कि भारत और सनातन संस्कृति धर्म में हमेंशा देवियां पूज्य रही है। ज्ञान की देवी सरस्वती, धन की देवी लक्ष्मी, शक्ति की देवी दुर्गा, भक्ति में मीरा बाई सभी देवियां हमेशा से आर्दश और पूज्नीय रही है। कहा कि देश की राष्ट्रपति और वित्तमंत्री भी महिलाए है, आप्रेशन सिंदूर के माध्यम से महिलाओं का सिंदूर उजाड़ने वाले आतंकियो और उनके ठिकानों को नष्ट किया गया। प्रदेश में डॉ. मोहन यादव भाजपा की सरकार किए वायदे तेजी से पूर्ण करने का प्रयास कर रही है।

कार्यक्रम में नपं. उपाध्यक्ष नेपाल सिंह राजपूत, रेवा सिंह गोदर, अभिषेक राजपूत, नपं. के पार्षदों, एसडीएम संतोष मुदगल, एसडीओपी कुंवर सिंह मुकाती, टीआई कपिल गुप्ता और विभिन्न विभागों के अधिकारियों, कर्मचारियों, गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति रही।

### स्व. सहायता समूहों से बने आत्म निर्भर

राज्यमंत्री पटेल ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी एवं मुख्यमंत्री मोहन यादव द्वारा महिलाओं को आत्म निर्भर बनाने, आगे बढ़ाने का अदभूत अभियान चलाया जा रहा है। महिलाओं, स्व. सहायता समूहों को व्यापार, रोजगार के लिए भरपूर वित्तीय सहायता दी जा रही है। उपस्थित सभी बहिनों से सरकार की विभिन्न योजनाओं का भरपूर लाभ उठाने का आग्रह किया।

## मौसम में बार-बार बदलाव से घर-घर बीमारियों की पड़ी भरमार

# फैल रहीं संक्रामक बीमारियां : सर्दी व जुकाम, वायरल, बुखार के बढ़े मरीज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

बारिश, तल्ख धूप और उमस भरी गर्मी का लोगों की सेहत पर बुरा असर पड़ रहा है। सर्दी-जुकाम और वायरल बुखार से लोग ग्रस्त हैं। तेज बुखार के साथ जोड़ों में दर्द के भी मामले सामने आ रहे हैं। विशेषज्ञों के अनुसार डेंगू, चिकुनगुनिया के मरीजों की संख्या भी बढ़ गई है। जिला अस्पताल से लेकर पंचकर्म आयुष नगर के अन्य अस्पतालों की ओपीडी में भी मरीजों की संख्या आम दिनों के मुकाबले बढ़ गई है। पैथोलॉजी सेंटरों में भी सैंपलिंग ज्यादा हो रही है।

विशेषज्ञों के अनुसार जिला अस्पताल की ओपीडी में पहुंच रहे मरीजों में हर तीसरा व्यक्ति वायरल बुखार से पीड़ित है। इनमें बच्चों से लेकर बड़े भी शामिल हैं।

### ब्लड प्लेटलेट्स क्षमता हो रही कम

मेडिकल ऑफिसर डॉ दीपक गुप्ता डॉ एमएल अहिरवार ने बताया कि कई मरीजों में तेज बुखार के साथ पेट में दर्द, ब्लड में प्लेटलेट्स क्षमताकम होना जैसे लक्षण देखने मिल रहे हैं। हालांकि जांच में रिपोर्ट डेंगू पॉजीटिव नहीं आ रही है।



### अस्पताल की ओपीडी में प्रतिदिन पहुंच रहे 1 हजार मरीज

मौसम में हो रहे बदलाव का असर लोगों के स्वास्थ्य पर देखने को मिल रहा है। लोगों में उल्टी, दस्त, वायरल बुखार जैसे लक्षण बढ़ रहे हैं। जिसके चलते अस्पताल की ओपीडी में रोजाना 1 हजार से ऊपर मरीज पहुंच रहे हैं। इससे अस्पताल में सुबह से ही मरीजों की लंबी कतार लग रही है। मंगलवार को पर्चा काउंटर पर लोगों की भीड़ देखने को मिली, साथ ही डॉक्टरों को दिखाने के लिए पहुंचे मरीजों को कतार में लगकर अपने नंबर का इंतजार करना पड़ा।

### खाली प्लाटों में भरा पानी, मच्छरों से लोग हो रहे बीमार

शहर के खाली प्लाटों में पानी भर गया है जिसके चलते मच्छरों के लार्वा पनप रहे हैं। इससे बुखार के मरीजों की संख्या लगातार बढ़ रही है। ऐसे में लोगों का कहना है कि जिला मलेरिया विभाग को चाहिए कि वार्डों में जाकर सर्वे करे और बीमारियों की रोकथाम के लिए उपाय किए जाएं।

### विशेषज्ञों की सलाह-

- दिन भर भरपूर पानी पीएं।
- तेज बुखार आने पर जांच अवश्य कराएं।
- अचानक शरीर में कमजोरी आने, पैरों में जकड़न, बदन दर्द को नजरंदाज न करें।

### मरीजों में ये मिल रहे लक्षण

- तेज बदन दर्द।
- पैरों में जकड़न।
- कमर व जोड़ों में दर्द।
- तेज बुखार अकड़न।

### इनका कहना है

वायरल बुखार, उल्टी-दस्त, सर्दी खांसी टायफाइड, मलेरिया के मरीज बढ़ गए हैं। बचाव के लिए देर का रखा ठंडा या बासा खाना न खाएं। पीने के पानी को लेकर भी सावधानी बरतें। तेज बुखार होने पर जांच कराने में देर न करें।

- डॉ. यशपाल सिंह वाल्यान,
सिविल सर्जन, जिला अस्पताल रायसेन।

# वार्डबॉय की लापरवाही, मरीज को बिना ऑक्सीजन माक्स लगाए कर दिया रेफर

## कार्रवाई के नाम पर वार्डबॉय को थमाया सिर्फ नोटिस

◆ मृतक के परिजनों ने अस्पताल में किया हंगामा, उठाई वार्डबॉय पर कार्रवाई की मांग



हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

जिला अस्पताल प्रबंधन की लापरवाही एक बार फिर से सामने आई है। बीती रात को जिला अस्पताल में एक मरीज की स्थिति गंभीर होने पर उसे भोपाल रेफर कर दिया, लेकिन तीसरी मंजिल पर भर्ती मरीज को नीचे लाते समय ऑक्सीजन माक्स ही नहीं लगाया गया, जिसके कारण मरीज की मौत हो गई। मृतक के परिजनों और अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के नेताओं द्वारा हंगामा किया तथा दोषियों पर दंडात्मक कार्यवाही करने प्रदर्शन किया। सूचना मिलने पर मोके पर पहुंचे थाना प्रभारी नरेंद्र गोयल और पुलिस टीम ने मोर्चा संभाला और मामला शांत कराया।

वहीं सीएमएचओ डॉ एचएन मांडरे एवं सिविल सर्जन डॉ यशपाल सिंह बाल्यान ने मामले को संज्ञान में लेकर वार्डबॉय प्रीतम लोधी को दो दिन में जबाव प्रस्तुत करने के निर्देश दिए है।

### मानव अधिकारों के उल्लंघन की शिकायत करें ऑनलाइन

**रायसेन।** मानव अधिकारों के उल्लंघन से संबंधित शिकायतों के निराकरण हेतु आयोग में नागरिक अपनी शिकायत ऑनलाइन फ्री पोर्टल पर पत्राचार द्वारा टोल फ्री नम्बर 144334 पर भी कर सकते हैं। राष्ट्रीय मानव अधिकार आयोग के मदद सेंटर में उपस्थित होकर लिखित शिकायत या मोबाइल नम्बर 9810298900 एवं नागरिक सेवा केंद्र यानि सीएससी में 30 रुपए का शुल्क जमा करके अपनी शिकायतें ऑनलाइन दर्ज करा सकते हैं।

# रोड रिस्टोरेशन का कार्य प्रभावी ढंग से हो: कलेक्टर

## जिला जल एवं स्वच्छता मिशन की हुई बैठक



हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

जल जीवन मिशन अंतर्गत जिला जल एवं स्वच्छता मिशन की समीक्षा बैठक कलेक्टर अरूण विश्वकर्मा की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में सम्पन्न हुई। बैठक में कलेक्टर ने जल जीवन मिशन के तहत एकल नलजल योजनाएं तथा समूह नलजल योजनाओं की विकासखंडवार समीक्षा करते हुए कहा कि यह योजना शासन की अति महत्वाकांक्षी योजना है, जिसके माध्यम से लोगों को घर-घर तक स्वच्छ पेयजल पहुंचाया जा रहा है।

नल जल योजनाओं में गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखते हुए कार्य शीघ्र पूर्ण किए जाएं जिससे कि नागरिकों को इनका लाभ मिल सके। कार्य में किसी भी प्रकार कठिनाई या समस्या होने पर वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत कराएं।

कलेक्टर ने नल जल परियोजनाओं की समीक्षा के दौरान उदयपुरा, बाड़ी, सांची, सिलवानी में नल जल योजनाओं की अपेक्षाकृत धीमी प्रगति पर नाराजगी व्यक्त करते हुए अधिकारियों को निर्देश दिए कि अधिक मैनपावर और संसाधनों का समुचित उपयोग कर कार्य में गति लाई जाए। उन्होंने निर्देश दिए कि निर्माण कार्य पूर्ण होने के बाद संबंधित स्थानों का रिस्टोरेशन कार्य भी प्रभावी ढंग से किया जाए, जिससे लोगों को असुविधा या कठिनाई ना हो।

## खबर संक्षेप

### संस्था अंश एसोसिएट में मनाया स्वतंत्रता दिवस



**रायसेन।** आजादी के पर्व संस्था अंश एसोसिएट में धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर एसबीआई लाइफ मित्र के मैनेजर दीपक कुमार मिश्रा एवं हरिभूमि के ब्यूरो चीफ संदीप दुबे ने झंडा वंदन किया। वहीं अंश एसोसिएट के डायरेक्टर अंकित वर्मा एवं उनकी टीम द्वारा मुख्य अतिथियों का स्वागत किया गया। सभी ने एक दूसरे को स्वतंत्रता दिवस की बधाई दी। इस मौके पर एसबीआई लाइफ मित्रा इंश्योरेंस से राजीव दीक्षित, अंश एसोसिएट के असिस्टेंट मैनेजर हेमलता कुशवाहा, पिंकी गौर, समीक्षा सेन, उमंग आदि उपस्थित रहे।

### सांस्कृतिक कार्यक्रम में बच्चे बने मंगल पांडेय



**सिलवानी।** स्वतंत्रता दिवस के मौके पर विभिन्न संस्थाओं में देश भक्ति से ओतप्रोत सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए गए। इसी कड़ी में नगर के एक निजी स्कूल में रंगारंग कार्यक्रम आयोजित किए गए। जहां पर एक लघु नाटिका में मंगल पाण्डेय का किरदार नन्हे बालक श्रेष्ठ जैन मस्ताना के द्वारा निभाया गया। बेहतर भूमिका निभाने पर उपस्थितो के द्वारा तालियं बजा कर अभिनंदन किया। श्रेष्ठ जैन नगर के सामाजिक कार्यकर्ता ओके मस्ताना के पुत्र है।

### जनसुनवाईः कलेक्टर ने सुनी लोगों की समस्याएं

**रायसेन।** मंगलवार को कलेक्ट्रेट कार्यालय में जनसुनवाई का आयोजन किया। कलेक्टर अरूण विश्वकर्मा द्वारा लोगों की समस्याओं पर सुनवाई करते हुए उनका निराकरण किया। कलेक्टर ने कुछ प्रकरणों में संबंधित अधिकारियों को शीघ्र आवश्यक कार्यवाही कर समस्याओं को निराकृत करने के निर्देश दिए। उन्होंने जिले की विभिन्न तहसीलों से आए नागरिकों की समस्याओं की सुनवाई करते हुए वीडियो कॉफ्रेंस से संबंधित अधिकारियों को शीघ्र समाधान हेतु निर्देशित किया। जनसुनवाई में सहायक कलेक्टर कुलदीप पटेल, अपर कलेक्टर मनोज कुमार उपाध्याय तथा अनेक विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे। वीसी से अनुभागों से एसडीएम, जनपद सीईओ, सीएमओ शामिल हुए।

## दूषित पानी पीने से फैल रही बीमारियां

# बारिश के मौसम में बीमारियों को रोकने के लिए दी सलाह

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन


बारिश के मौसम में दूषित पेयजल के उपयोग से विभिन्न संक्रामक रोग विशेषकर उल्टी, दस्त, हैजा, पीलिया, टाईफॉइड जैसे जल-जनित रोगों की अधिक संभावना होती है। साथ ही जलभराव के कारण वेक्टर जनित रोग या मलेरिया डेंगू चिकनगुनिया की अधिकता होती है। इस संबंध में स्वास्थ्य विभाग द्वारा सावधानी बरतने की सलाह दी गई है।

बारिश में पेयजल की अशुद्धता के कारण संभावित संक्रामक रोग या उल्टी-दस्त-निर्जलीकरण आपेचिश पीलिया हैजा आदि की संभावना को दृष्टिगत रखते हुए यथा संभव पेयजल स्त्रोंतों को समुचित किया जाना आवश्यक है। समस्या मूलक ग्रामों का चिन्हांकन करते हुए जल-जनित रोगों के नियत्रण के लिए जन-सनुदाय में बचाव संबंधी जन-जागरूकताएं, पर्याप्त औषधि एवं सामग्री की उपलब्धता रहे।

बारिश में सुरक्षित पेयजन स्त्रोतों का ही उपयोग करना चाहिए। जल के दूषित होने की संभावना हो तो खुले कुओं का विसंक्रमण क्लोरिन की गोलियों का उपयोग करें।

# तेज धूप के साथ आसमान से बरसती रहीं बूंदें, शाम को हुई झमाझम बारिश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन



मंगलवार को बारिश के दौरान दो रंग देखने को मिले। दोपहर के समय जहां धूप के बीच रिमझिम बारिश का दौर चलता रहा। वहीं शाम 4 के करीब आसमान पर छाए काले मेघ जमकर बरसे, जिससे मौसम में ठंडक खुल गई।

इतनी बारिश होने के बाद भी मौसम से गर्मी का खुमार अभी नहीं गया है। पिछले कई दिनों से मौसम में स्थिरता नहीं आ पा रही है। कभी हल्की तो कभी तेज बारिश हो रही है। वहीं मंगलवार को धूप और बारिश (सनशॉवर) का नजारा शहर में काफी देर तक दिखाई दिया। इस दौरान तेज धूप, तो उसी समय आसमान से बरसती बूंदों ने मौसम को रोमांचक बना दिया। जिसे सूर्य वर्षा या धूप-बारिश कहा जाता है। दोपहर 2 बजे से करीब 15 से 20 मिनट तक ऐसी ही वर्षा होती रही। वहीं सुबह मौसम का अलग नजारा दिखाई दिया। सुबह बादल छाए, दोपहर में चटक धूप निकली और फिर अचानक फुहारें पड़ने लगीं।

# मुनिद्वय के सानिध्य में श्रावक साधना संस्कार शिविर 28 अगस्त से 6 सिंतबर तक संचालित

◆ मुनि साक्ष्य सागर तथा मुनि निवृत्त सागर महाराज के सानिध्य में होगा आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिलवानी



जैन समाज के सबसे बड़े आत्म साधना के पर्व पर्यूषण पर्व के अवसर पर नगर में 10 दिनी श्रावक साधना संस्कार शिविर का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें बड़ी संख्या में समाजजन सहभागिता कर आत्म कल्याण का मार्ग प्रशस्त करेगें।

ब्रम्हचारी अभिषेक भैया पवई के निर्देशन में शिविर संपन्न होगा। पटटाचार्य विशुद्ध सागर महाराज के परम प्रभावक शिष्य मुनि साक्ष्य सागर महाराज व मुनि निवृत्त सागर महाराज जो कि नगर में विराजमान है के सानिध्य में शिविर आयोजित किया जाएगा। पारसनाथ दिगंबर जैन मंदिर में आयोजित होने वाले 9 दिनी श्रावक साधना संस्कार शिविर में शिविरार्थी 22 अगस्त तक अपना पंजीयन करा सकते हैं।

आयोजक समिति द्वारा शिविर में आयोजित होने वाले नित्य कार्यक्रमों की रूप रेखा तय की जाकर लोकार्पित भी कर दी गई है। 28 अगस्त से 6 सितंबर तक आयोजित होने वाले शिविर में तय कार्यक्रम के तहत प्रति दिन प्रातः 4 बजे से रात्रि 10 बजे तक विविध अनुष्ठान मसलन सुप्रभात स्त्रोत, दैनिक क्रियाएं, ध्यान, अभिषेक, नित्य नियम पूजन, श्री तत्वार्थ सूत्रजी वाचन, मंगलाचरण,दीप प्रज्जोलन, पाद प्रक्षालन, शास्त्र भेंट,अतिथि सम्मान, मुनिद्वय के प्रवचन, सामायिक मुनिश्री के सानिध्य में, स्वतंत्र अध्ययन, कक्षा इष्टोपदेश व तत्वार्थ सूत्र ग्रंथ पर, प्रतिक्रमण, आचार्य भक्ति, प्रश्नमंच, जिज्ञासा समाधान, आरती आदि कार्यक्रम संपन्न होगें।

समिति द्वारा शिविरार्थियों के लिए नियमावली भी तय की है। 15 साल से अधिक आयु के शिविरार्थी ही पंजीयन के पात्र होगें। शिविर स्थल पर शिविरार्थियों के लिए वस्त्र, भोजन, आवास, ग्रंथ सामग्री उपलब्ध होगी। मोबाइल, पैसे आदि परिग्रह का पूर्णतः त्याग करना होगा। इसके अतिरिक्त अन्य नियमो का भी समावेश किया गया है।

# क्षेत्र के कई गांव सड़क विहीन, रास्ता नहीं होने से ग्रामीण हो रहे परेशान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दीवानगंज



सांची विकासखंड अंतर्गत आने वाला ग्राम पंचायत शाहपुर के गांव मुनारा में आज भी सड़क सुविधा से ग्रामीण वंचित है। गांव तक पहुंचने के लिए ग्रामीणों को आज भी कीचड़ और दलदल भरे रास्तों से गुजरना पड़ रहा है। इस गांव बरसात के मौसम में कोई वाहन नहीं पहुंच पाता है। ग्रामीणों को लगभग दो से 3 किलोमीटर दूर ही मोटरसाइकिल खड़ी कर गांव जाना पड़ता है।

ग्रामीण ज्ञान सिंह लोधी, गोविंद लोधी, चैन सिंह जाटव, गणेश राम जाटव, गेंदा अहिरवार आदि का कहना है कि गांव तक एंबुलेंस तक नहीं पहुंच पाती, जिससे बीमार व्यक्तियों और गर्भवती महिलाओं को भारी परेशानी उठानी पड़ती है। आपातकालीन स्थिति में उन्हें पैदल ही सफर करना पड़ता है।

कई बार जिम्मेदार अधिकारियों से शिकायत की गई, लेकिन अब तक समस्या का समाधान नहीं हो सका है। बरसात में उनकी मुश्किलें कई गुना बढ़ जाती हैं और सरकार से बार-बार सड़क निर्माण की मांग करने के बावजूद सड़क नहीं बनाई जा रही है। गांव के लोग अब भी मूलभूत सुविधाओं से वंचित हैं और बेहतर जीवन की उम्मीद लगाए बैठे हैं। कई बार जनप्रतिनिधि से लेकर उच्च अधिकारी तक शिकायत कर चुके हैं लेकिन कोई सुनवाई नहीं हो रही है। इसी मार्ग से कई पढ़ने वाले छात्र-छात्राएं हाई सेकेंडरी स्कूल दीवानगंज और आज स्कूल सेमरा जाते हैं।

## तीन साल के बाद इस बार 10 दिन तक मनाया जाएगा गणेशोत्सव

# ज्यादा शुभ और शुक्ल संयोग में मनेगी गणेश चतुर्थी


हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

लगभग तीन साल बाद गणेशोत्सव 10 दिन का होगा, इसीलिए इस बार ज्यादा शुभ माना जा रहा है। शहर के गणेश मंदिरों में विशेष धार्मिक आयोजन होंगे। भगवान गजानन को छप्पन भोग अर्पित किए जाएंगे। हर दिन धार्मिक कार्यक्रम होंगे।

पंडित राममोहन चतुर्वेदी, मुकेश भार्गव ने बताया कि इस बार गणेश चतुर्थी शुभ और शुक्ल संयोग में आ रही है। इस दिन चांदी-सोने के आभूषण और वाहन खरीदना श्रेष्ठ रहेगा। शहर के मूर्तिकारों ने प्रतिमाओं को अंतिम रूप देना शुरू कर दिया है।

### शहर के चौक-चौराहों पर विराजमान होंगी प्रतिमाएं

वैसे तो गणेशोत्सव पर शहर के विभिन्न स्थानों पर प्रतिमाएं विराजमान होंगी। लेकिन मुख्य रूप से शहर के महामाया चौक, गंजबाजार, पाटनदेव, अर्जुन नगर, मुख़र्जी नगर, गोटी ढाबा सांची रोड़, तालाब मोहल्ला, श्री रामलीला ग्राउंड आदि स्थानों पर आयोजकों द्वारा मनमोहक गौरी नन्दन भगवान गणपति की झांकियां सजाई जाएंगी।



मिश्र तालाब घाट स्थित गणेश मंदिर, गिरजापति गणेश मंदिर और अंजनीलाल मंदिर धाम खुनखुन वाले गणेश मंदिर में कई धार्मिक कार्यक्रम होंगे।

### बुधवारी होने से भूमि, वाहन और आभूषण खरीदना श्रेष्ठ

इस बार गणेशोत्सव 27 अगस्त से शुरू होगा। उत्सव 10 दिन तक चलेगा। शहर सहित जिले के तमाम गांव कस्बों में भगवान गणेश की स्थापना की जाएगी। तैयारियां जोरों पर हैं। मूर्तिकार आकर्षक प्रतिमाएं बना रहे हैं। इस बार गणेश चतुर्थी बुधवार को पड़ रही है। तीन साल बाद यह संयोग बना है। चित्रा नक्षत्र, शुभ और शुक्ल योग का निर्माण हो रहा है। इस दिन गणपति पूजन का विशेष महत्व है। बुधवार को गणेशजी का पूजन विशेष माना जाता है। यह स्वयं सिद्ध अबूझ मुहूर्त भी है। इस दिन गृह प्रवेश, भवन निर्माण, व्यापार प्रारंभ, भूमि, आभूषण और वाहन खरीदना शुभ रहेगा।

### 100 ऑर्डर लिए, बना रहे 150 गणेश जी की प्रतिमाएं

मूर्तिकार लखन चक्रवर्ती, सुनील महोबिया ने बताया कि 30 साल से शहर में मिट्टी की प्रतिमाएं बना रहे हैं। इस बार उन्होंने 100 आर्डर बुक किए गए हैं। वहीं डेढ़ सौ से ज्यादा लंबोदर की मूर्तियां मिट्टी की बना रहे हैं।

# आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं का एक दिवसीय प्रशिक्षण हुआ आयोजित



हरिभूमि न्यूज ▶▶ दीवानगंज

बच्चों के शुरुआती 1000 सुनहरे दिनों में उनके शारीरिक, मानसिक विकास, पोषण और संवेदनशील देखभाल में परिवार की महत्वपूर्ण भूमिका बहुत होती है। इस दिशा में महिला बाल विकास विभाग और संगत संस्था ने मिलकर आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं के लिए एक विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम दीवानगंज के आंगनबाड़ी केंद्र 5 नायक मोहल्ला में आयोजित किया, जिसका उद्देश्य पिता की भागीदारी को बढ़ावा देना है। प्रशिक्षण में बच्चों के पालन-पोषण में पिता की भूमिका को उजागर करने के लिए छोटे छोटे वीडियो तैयार किए गए। जिन्हें आंगनबाड़ी कार्यकर्ता घर-घर जाकर परिवारों को दिखाएंगी, जिससे बच्चों के पालन-पोषण में पिता का सहयोग मिल सके।